दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 92 ● नई दिल्ली, शुक्रवार, 07 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्यः- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 प्रमंडल के नवपदस्थापित सीएचओ के लिए परिवार नियोजन से संबंधित ...



7 रेशम भवन में लगेगा 10 दिवसीय खादी मेला, उद्योग मंत्री करेंगे उद्घाटन

# दिल्ली में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव

**➲ अधिकारियो के अनुसार जिन इलाको से लगातार शिकायते मिल रही थी**



**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह हुई भारी बारिश के कारण कई हिस्सों में जलभराव हो गया और यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक भारी बारिश के चलते लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नियंत्रण कक्ष को राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में जलभराव होने की कई शिकायतें मिलीं। अधिकारियों के अनुसार पीडब्ल्यूडी के नियंत्रण कक्ष को दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से जलभराव की 15 शिकायतें मिलीं। अधिकारियों के अनुसार जिन इलाकों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं, उनमें बुराड़ी में कौशिक एन्क्लेव, वजीराबाद से तिमारपुर जाने वाला मार्ग और मंडोली रोड का इलाका शामिल है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर बुराड़ी इलाके का एक वीडियो साझा किया, जिसमें स्कूली वर्दी में बच्चे घुटने तक पानी से गुजरते दिखे। भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जलभराव के मुद्दे पर ध्यान देने को कहा। दिल्ली नगर निगम द्वारा साझा किए गए आंकड़े के मुताबिक दिल्ली के नौ स्थानों पर जलभराव की सूचना मिली, जिनमें बापरोला में जय विहार, आज़ाद मार्केट, पालम में साध नगर, शाहपुर जाट, अशोक विहार में निमरी कॉलोनी, न्यू राजिंदर नगर और सीलमपुर में कांति नगर पूर्व जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इन इलाकों में सुबह नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक जलभराव होने की सूचना मिली। एमसीडी को गीता कॉलोनी, ईस्ट ऑफ कैलाश में संत नगर, वजीरपुर में जेजे कॉलोनी, विवेक विहार में योजना विहार और किशनगढ़ में कटवारिया सराय में पेड़ उखड़ने की भी सूचना मिलीं। यातायात अधिकारियों ने कहा कि प्रगति मैदान (गेट संख्या छह और सात के बीच), मोदी मिल्स फ्लाईओवर, एमबी रोड के दोनों ओर के रास्ते, रानी झांसी रोड के इलाकों में जलभराव के कारण जाम लग गया। उन्होंने कहा कि साथ ही पीरागढ़ी, द्वारका सेक्टर-21, डीएनडी फ्लाईवे और आश्रम फ्लाईओवर पर भी यातायात बाधित हुआ। समालखा टी-प्वाइंट के पास एक बस के खराब हो जाने से द्वारका लिंक रोड से राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के रजोकरी की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात कुछ देर के लिए बाधित हो गया। बाद में बस को हटा दिया गया और यातायात बहाल हो गया। वहीं होली क्रॉस स्कूल के पास एक अन्य बस के खराब होने से बहादुरगढ़ बस स्टैंड से नांगलोई डिपो की ओर जाने वाले मार्ग पर भी यातायात बाधित हुआ। दिल्ली की यातायात पुलिस ने ट्वीट किया, चिल्ला बॉर्डर के पास नोएडा गेट की चल रही मरम्मत के काम के कारण अक्षरधाम से नोएडा (उत्तर प्रदेश लिंक रोड) की ओर जाने वाले मार्ग पर लगभग पांच दिनों तक यातायात जाम की समस्या रहेगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर में सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में पांच मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली और इसके निकटवर्ती इलाकों में आगामी कुछ दिनों के दौरान और बारिश होने का अनुमान जताया है। मॉनसून की इस बारिश के कारण केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 36 निगरानी केंद्रों में से 31 में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दोपहर 12 बजे संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किया गया।

## दिल्ली में बारिश के कारण जगह-जगह हुआ जलभराव,एमसीडी और सरकार पूरी तरह फेलः सिंह



दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया की दिल्ली में बारिश के दौरान जगह-जगह हुए जलभराव ने दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के दावों की पोल खोलकर रख दी है। जलभराव के कारण दिल्ली के नागरिकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा है जिसके लिए आम आदमी पार्टी पूर्णता जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि जहां जून माह तक दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 4 फीट से बड़े सभी नालों की पूर्णता सफाई हो जानी चाहिए थी वो अभी भी गाद से भरे हुए हैं। आम आदमी पार्टी शासित नगर निगम से मानसून के पूर्व नालों की सफाई नहीं हो पायी जो उनकी विफलता दिखाता है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया की बारिश में जगह जगह जलभराव के कारण नागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा है जिसके लिए दिल्ली नगर निगम प्रशासन व दिल्ली की केजरीवाल सरकार पूर्णता जिम्मेदार है।

# राकांपा का अध्यक्ष मैं ही हूंः शरद पवार



**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। यहां पार्टी की कार्यसमिति की बैठक के बाद शरद पवार ने कहा, राकांपा का अध्यक्ष मैं ही हूं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य को पार्टी से निष्कासित करने संबंधी फैसले को कार्यसमिति ने मंजूरी दी।
पार्टी नेता पी. सी. चाको ने यहां मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कि बैठक में आठ प्रस्ताव पारित किए गए। अजित पवार के बहुमत होने के दावे पर शरद पवार ने कहा, सच सामने आ जाएगा। चाको ने कहा कि संगठन शरद पवार के साथ है। उन्होंने कहा, राकांपा कार्यसमिति ने राजग से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य लोगों को निष्कासित करने संबंधी फैसले को मंजूरी दे दी है। शरद पवार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे। हम किसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के दावे को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने कहा, हमारा संगठन अभी भी एकजुट है। चाको ने कहा कि राकांपा हर तीन साल पर चुनाव कराती है और लोग नियमित रूप से निर्वाचित होते हैं। कार्यसमिति द्वारा पारित प्रस्तावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक कार्यों के खिलाफ रुख अपनाना भी शामिल है। इसने केंद्र सरकार की नीतियों की भी निंदा की और आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की दुर्दशा बढ़ रही है। अजित पवार और उनके आठ सहयोगी दो जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हुए थे। अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, वहीं अन्य को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी।

### राहुल गांधी ने शरद पवार से मुलाकात कर एकजुटता प्रकट की



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से जुड़े संकट के बीच बृहस्पतिवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि पवार के आवास पर इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ एकजुटता प्रकट की। पवार के भतीजे अजित पवार और राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने शिवसेना और भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल हो गए।

## शरद पवार की ओर से आहूत राकांपा कार्यसमिति की बैठक की कोई कानूनी वैधता नहीं : अजित पवार गुट

**मुंबई/नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने कहा है कि बृहस्पतिवार को दिल्ली में शरद पवार की ओर से आहूत कार्यसमिति की बैठक की कोई कानूनी वैधता नहीं है। वहीं, दिल्ली में राकांपा की कार्यसमिति की बैठक के बाद शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा, राकांपा का अध्यक्ष मैं ही हूं। अजित पवार के बहुमत होने के दावे पर शरद पवार ने कहा, सच सामने आ जाएगा। अजित की ओर से एक बयान में कहा गया है, विभिन्न खबरों से पता चला है कि शरद पवार ने आज नई दिल्ली में राकांपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणीराष्ट्रीय कार्यसमितिाराष्ट्रीय पदाधिकारियोंाराज्य पार्टी अध्यक्षों की बैठक बुलाई है। इसमें कहा गया, राकांपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहुमत के साथ-साथ विभिन्न संगठनात्मक पदों पर काम करने वाले सदस्यों के भारी समर्थन से अजित पवार को 30 जून, 2023 को राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। बयान में कहा गया है कि अजित ने निर्वाचन आयोग के समक्ष एक याचिका भी दायर की है जिसमें कहा गया है कि वह मूल राकांपा का प्रतिनिधित्व करते हैं और इसलिए पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह उन्हें दिया जाए। मूल राकांपा के प्रतिनिधित्व के बारे में एक सवाल को लेकर बयान में कहा गया है, यह निर्वाचन आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र में है।

## ख़ास ख़बर

### पेशाब करने की घटना मानवता पर है कलंकः सिंधिया

**ग्वालियर ।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक व्यक्ति द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना मानवता पर कलंक है और इस तरह के कृत्य के लिए जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में प्रवेश शुक्ला नामक व्यक्ति प्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी युवक दशमत रावत पर पेशाब करते देखा गया। शुक्ला को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया गया है। सिंधिया ने कहा,देश के किसी भी कोने में इस प्रकार की घटना पर सख्त से सख्त कार्वाई होनी चाहिए और दोषी व्यक्ति को दंड मिलना चाहिए, भले ही वह किसी भी दल से जुड़ा हो। यह घटना मानव जाति पर कलंक है।

### मणिपुरः एक महिला की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में एक विद्यालय के बाहर बृहस्पतिवार सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर एक महिला की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि लाम्फेल थानाक्षेत्र के क्वाकीथेल मायाइ कोइबी में यह महिला किसी काम से विद्यालय गई थी लेकिन वह किसी विद्यालय से जुड़ी नहीं थी।यह घटना पहली से आठवीं तक की कक्षाओं के वास्ते विद्यालय खुलने के बाद हुई है।

## अजित पवार के सरकार में शामिल होने के बाद शिंदे गुट के विधायक हमारे संपर्क में : विनायक राउत

**एजेंसी/ मुंबई**



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद विनायक राउत ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत प्रतिद्वंदी शिवसेना के कुछ विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि राकांपा के बागी विधायकों को मंत्री बनाए जाने के बाद से शिंदे गुट के विधायकों ने विद्रोह करना शुरू कर दिया है। शिंदे नीत शिवसेना सरकार में मंत्री उदय सामंत ने राउत के दावे का खंडन करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे नीत गुट के 13 में से छह विधायक उनके संपर्क में हैं।
विनायक राउत ने कहा कि शिंदे नीत शिवसेना के कुछ विधायक संदेश भेज रहे हैं कि वे मातोश्री से माफी मांगना चाहते हैं। मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित मातोश्री शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे का आवास है।राउत ने कहा कि शिंदे नीत शिवसेना के कई विधायकों ने कहा है कि अगर मातोश्री उनसे संपर्क करता है तो वे सकारात्मक रूप से जवाब देंगे। राउत ने किसी का नाम लिए बिना दावा किया, जो मंत्री बनना चाहते थे लेकिन नहीं बन सके और जिन्हें अगले मंत्रिमंडल विस्तार में अपनी कुर्सी जाने का खतरा है वे हमारे संपर्क में हैं।

## शेखावत की मानहानि की शिकायत पर गहलोत को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा दायर फौजदारी मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बृहस्पतिवार को सम्मन जारी किया है। केन्द्रीय मंत्री शेखवत ने कथित मानहानि के लिए गहलोत के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए अर्जी में कहा है कि कांग्रेस नेता ने जानबूझकर उन्हें बदनाम करने की मंशा से ऐसा किया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने शेखावत की शिकायत के संबंध में गहलोत को सात अगस्त को अदालत में उपस्थित होने को कहा है। यह मामला संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के हजारों निवेशकों को कथित रूप से 900 करोड़ रुपए का चूना लगाने से जुड़ा हुआ है। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री एवं राजस्थान के जोधपुर से सांसद शेखावत ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गहलोत कथित संजीवनी घोटाले को लेकर उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियां कर रहे हैं

## चंद्रयान-3 मिशन का प्रक्षेपण 14 जुलाई को होगाः इसरो

**एजेंसी/ बेंगलुरु**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि चंद्रयान-3 मिशन का प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। इसरो का नया प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 चंद्र मिशन को अंजाम देगा। इसरो ने ट्वीट किया, चंद्रयान-3: एलवीएम3-एम4।चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण की घोषणाः प्रक्षेपण अब 14 जुलाई, 2023 को अपराह्न 2:35 बजे एसडीएससी (सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र), श्रीहरिकोटा से निर्धारित है। इस बीच, अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत इसरो 23 अगस्त या 24 अगस्त को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करेगा। चंद्रयान-3 मिशन चंद्र रेजोलिथ के थर्मोफिजिकल गुणों, चंद्र भूकंपीयता, चंद्र सतह प्लाज्मा वातावरण और लैंडर के उतरने के स्थल के आसपास के क्षेत्र में मौलिक संरचना का अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिक उपकरण ले जाएगा।

## उद्धव ठाकरे ने पीएम केयर्स फंड की जांच की मांग की

**एजेंसी/मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने यह पता करने के लिए बृहस्पतिवार को जांच की मांग की कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान पीएम केयर्स फंड के तहत एकत्रित की गई धनराशि का किस तरह इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि दो दशक से अधिक समय तक अविभाजित शिवसेना द्वारा शासित रही बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में यदि कोई भ्रष्टाचार हुआ है तो उसकी जांच की जाए, लेकिन महामारी के दौरान राज्यों द्वारा किए गए कामों की भी जांच की जाए। अपनी पूर्व सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रहार करते हुए ठाकरे ने कहा कि जिस विचारधारा का देश के स्वतंत्रता संग्राम से कोई लेना-देना नहीं है, वह अब देश पर शासन कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, महामारी के दौरान सभी राज्यों द्वारा किए गए कामों की जांच कीजिए। बीएमसी के तथाकथित भ्रष्टाचार की भी जांच कीजिए, लेकिन तब पीएम केयर्स फंड की भी जांच कीजिए क्योंकि यह लोगों का धन है

## सिद्धरमैया ने चालक के आत्महत्या के प्रयास के संबंध में कुमारस्वामी के आरोप को खारिज किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने परिवहन विभाग के एक चालक के आत्महत्या के प्रयास के संबंध में जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी की ओर से लगाए गए आरोपों को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। सिद्धरमैया ने कहा कि कुमारस्वामी हताशा में आकर झूठे आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, एच डी कुमारस्वामी ने कृषि मंत्री एन चालुवरायस्वामी पर एक सरकारी बस चालक-सह-परिचालक को आत्महत्या करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।मई में 224 सदस्ईय कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस 135 सीटें जीतकर सत्ता में आई है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 66 और जद (एस) ने 19 सीटें हासिल कीं। चालक ने अपने सुसाइड नोट में मंत्री चालुवरायस्वामी का नाम लिया है। चालक की पत्नी एक पंचायत सदस्य हैं जो पंचायत अध्यक्ष बनने की इच्छुक थीं।

## मैक्रों से वार्ता से भारत-फ्रांस रिश्तों को मजबूती मिलेगीः मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह दो दिवसीय पेरिस दौरे के दौरान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से वार्ता करने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह वार्ता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी।प्रधानमंत्री ने यह बात फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बोन से मुलाकात के बाद कही। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर जारी एक बयान में इस मुलाकात की जानकारी दी गई।
बयान में कहा गया कि बोन ने प्रधानमंत्री की आगामी फ्रांस यात्रा के संदर्भ में द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में मोदी को जानकारी दी।प्रधानमंत्री मोदी 14 जुलाई को पेरिस में होने वाली बैस्टिल डे परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ भाग लेगी।

**● बांकुरा मालगाड़ी हादसा : ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने 25 जून को हुई घटना के बारे में कहा**

# रेल कर्मी संघ ने लंबी ड्यूटी को लोको पायलट की नींद के लिए जिम्मेदार माना

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



पश्चिम बंगाल के बांकुरा में एक मालगाड़ी के दूसरी मालगाड़ी से टकराने के मामले में सेवा से बर्खास्त किए गए लोको पायलट का बचाव करते हुए रेल कर्मचारियों के एक संघ ने कहा कि लंबे समय तक काम करना और रात्रि पाली की अत्यधिक ड्यूटी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने 25 जून को हुई घटना के बारे में कहा कि यह जानबूझकर नहीं किया गया बल्कि यह शरीर की स्वाभाविक जैविक प्रतिक्रिया है। इस घटना के बारे में लोको पायलट और सहायक ने स्वीकार किया था कि वे ड्यूटी के दौरान सो गए थे। ट्रेन 25 जून को बांकुरा जिले के ओंडा में एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन इससे दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा खंड पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई थीं। टक्कर के कारण आठ डिब्बे पटरी से उतर गए थे। लोको पायलट को ड्यूटी के दौरान झपकी आ गई थी, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन सिग्नल को पार कर गई और एक खड़ी ट्रेन से टकरा गई।

**हर यात्रा के दौरान कार्य की लंबी अवधि**

रेलवे संघ ने कहा, हर यात्रा के दौरान कार्य की लंबी अवधि और रात्रिकालीन ड्यूटी की अत्यधिक संख्या के कारण अत्यधिक थकान और नींद की स्थिति बनी रहती है जिससे झपकी आती रहती है। झपकी जानबूझकर नहीं आती और यह मनुष्य के नियंत्रण में भी नहीं होती। यह शरीर की जैविक प्रतिक्रिया है। रेल कर्मी संघ ने पत्र में कहा, इन तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हम अनुरोध करते हैं कि सेवा से बर्खास्त करने के आदेश को वापस लिया जाए और इस पर पुनर्विचार कर न्याय सुनिश्चित किया जाए।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस द्वारा गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार।भेजा जेल



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/**जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के परसा माधो पंचायत के आसनपुर कुपहा में पुलिस ने गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। मिली जानकारी अनुसार वुधवार के रात किशनपुर पुलिस ने आसनपुर कुपहा से गांजा सहित तस्कर को गिरफ्तार किया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मो महबूब आलम ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि आसनपुर कुपहा में टोल प्लाजा से 500 मीटर पश्चिम जगदेव मंडल के मकान में अनाज कारोबारी द्वारा चोरी छिपे गांजा का तस्करी करता है। जहां अभी छापेमारी किया जाए तो गांजा समेत तस्कर पकड़ा सकता है। जहां मिली सूचना के आधार पर एसआई चंचल कुमारी को पुलिस बल के अलावे दंडाधिकारी के रूप में राजस्व अधिकारी रविकांत के द्वारा उक्त अनाज के दुकान पर पहुंचा तो वहां एक मोटर सायकिल लगी हुई थी। जब तलाशी ने दुकान के अंदर पहुंचा तो वहां तीन व्यक्ति बैठा हुआ था। जहां पुलिस को देखते हीं पिछले दरवाजे से तीनों भागने लगा। जिसमें एक को पुलिस बल के मदद से पकड़ लिया गया। जबकि दो व्यक्ति भागने में कामयाब रहा। जब अनाज दुकान की तलासी ली गई तो एक प्लास्टिक के बोरा में एक प्लास्टिक के पैकेट में गांजा बरामद हुआ। जहां उसी के इलेक्ट्रॉनिक तराजू से मापने पर 4 किलो सात सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। जहां पकड़ाए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम चंदन कुमार चौधरी, सदर थाना क्षेत्र के लौकहा निवासी बताया। जबकि फरार हुए व्यक्ति में परसा माधो के सुरेश चौधरी एवं निर्मली थाना के महुआ निवासी मरर उर्फ यादव जी बताया। बताया कि यादव जी अपने मोटर सायकिल से गांजा खरीद बिक्री को लेकर आया हुआ था। जहां थाना कांड संख्या 156/23 दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कोसी रक्त वीर समूह ने एक महिला को रक्तदान कर बचाई जान






**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल/**जिले के निर्मली प्रखंड में कोसी रक्तवीर समूह ने एक महिला की रक्तदान कर जान बचाई ।बताया जा रहा है कि साईबा परवेज नाम की एक महिला को रक्त की जरूरत पड़ा, जो दरभंगा के एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं । जिसके बाद दरभंगा में भर्ती इलाजरत महिला को रक्त की जरूरत की सूचना कोसी रक्तवीर समुह के निदेशक डॉ विनीत शेखर को मिली ।सूचना मिलते ही त्वरित गति से डॉ शेखर ने इलाजरत महिला को रक्त उपलब्ध करवाया ।इस कार्य के लिए हर वर्ग के लोग डॉ शेखर को धन्यवाद दिया ।

### पुलिस द्वारा लॉटरी कारोबारी साथ हत्या कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**संजीव यादव/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/**जिले में राघोपुर पुलिस ने बुधवार की संध्या एक लॉटरी कारोबारी के अलावा एक हत्या कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि लॉटरी कारोबारी सिमराही वार्ड नंबर 8 निवासी अमित साह को सिमराही बाजार से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से कुल 670 पीस लॉटरी टिकट बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान अमित ने पुलिस को बताया कि वह नागालेंड से चोरी छुपे लॉटरी मंगवाता है, साथ ही कभी कभार अपना डुप्लीकेट लॉटरी टिकट भी छपवाकर बेच देता है, जिससे ज्यादा मुनाफा होता है। अमित कुमार कई वर्षों से लौटरी का कारोबार करता रहा है

# नवविवाहिताओं के लिए महत्वपूर्ण पर्व है मधुश्रावणी- आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र

**कई वर्षों के बाद यह संयोग-श्रावण मास के आते ही मिथिलांचल में विभिन्न प्रकार के पर्व त्योहारों का दौर शुरू हो जाता है**



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल /**जिले के राघोपुर प्रखंड के करजाईन बाजार स्थित आचार्य धमेंद्रनाथ मिस्त्र का कहना है कि इसवार 44 दिनों तक होंगे मधुश्रावणी पर्व। दिनांक 7 जुलाई नागपंचमी दिन से आरंभ होकर दिनांक 19 अगस्त को मधुश्रावणी व्रत पर्व होंगे विश्राम।दिनांक 17 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमास अर्थात पुरुषोत्तम मास ( अधिक मास) होने के कारण 44 दिनों की मधुश्रावणी पूजा।कई वर्षों के बाद यह संयोग-श्रावण मास के आते ही मिथिलांचल में विभिन्न प्रकार के पर्व त्योहारों का दौर शुरू हो जाता है ।उन पर्व त्योहारों में विशेषकर स्त्री वर्ग एवं नवविवाहिता ओं के लिए महत्वपूर्ण लोक पर्व मधुश्रावणी जो नव दंपतियों स्त्रियों के लिए अखंड सौभाग्य को प्रदान करती है ।मधुश्रावणी पर्व मिथिलांचल की अनेक सांस्कृतिक विशेषताओं में एक है ।इस त्योहार को नवविवाहिताऐं काफी आस्था और उल्लास के साथ मनाती हैं ।मिथिलांचल में नवविवाहिताओं द्वारा यह व्रत अपने सुहाग की रक्षा एवं गृहस्थ्य धर्म में मर्यादा के साथ जीवन निर्वाह के उद्देश्य से रखा जाता है। वैदिक काल से ही मिथिलांचल में ऐसी मान्यता है कि, पवित्र श्रावण मास में निष्ठा पूर्वक नागदेवता की पूजन आराधना करने से दंपति की जीवन की आयु लंबी होती है। नाग पंचमी से शुरू होकर 15 दिनों तक चलने वाला यह व्रत पूजन टेमी के साथ विश्राम होता है, किंतु इस बार कई वर्षों के बाद 15 दिनों का पर्व न होकर 44 दिन का यह पर्व हो गया है। मलमास ,अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) होने के वजह से 44 दिन का मधुश्रावणी पूजा होगी ।यह पर्व नव दंपतियों के लिए एक प्रकार से मधुमास है। इस पर्व में गौरीशंकर की पूजा तो होती ही है ,साथ साथ विषहरी और नागिन की भी पूजा होती है। इस पूजन में नवविवाहिताऐं अनेक प्रकार के फूल ,अनेक प्रकार के फूल पत्ते, तरह-तरह के एकत्र कर पूजन करती हैं। प्रथा तो यहां तक है कि इन दिनों नवविवाहिताऔ के ससुराल से आए हुए कपड़े गहने ही पहनती हैं ,और भोजन आदि भी वहीं से आए हुए अन्न का करती हैं ।इसलिए पूजा शुरु होने के 1 दिन पूर्व ही नवविवाहिताओं के ससुराल से समस्त सामग्री भेज दी जाती है। प्रथम और अंतिम दिन की पूजा बड़े विस्तार से होती है। भूमि पर पीठार और सिंदूर आदि का अल्पना, रंगोली आदि बनाकर ढेर सारे फूल पत्तियों से पूजा की जाती है । पूजा उपरांत विशिष्ट ज्ञानी महिलाओं के द्वारा कथा सुनाई जाती है ,जिसमें शंकर पार्वती के चरित्र के माध्यम से पति-पत्नी के बीच होने वाली बातें, नोकझोंक, रूठना मनाना ,प्यार दुलार, इत्यादि की कथा सुनाई जाती है ताकि नवदंपति इन परिस्थितियों में एवं उनके साथ सुखमय जीवन यापन कर सकें। यह मानकर कि यह सब दांपत्य जीवन के स्वाभाविक लक्षण हैं ।पूजा के अंत में नवविवाहिताऐं सभी सुहागिनों को अपने हाथों से खीर का प्रसाद एवं पीसी हुई मेहंदी बांटती हैं ।अंतिम दिवस नव विवाहिता के अंगों को चार स्थानों पर दोनों घुटनों को जलती हुई दिए की बातें यानी टेमी से दागा जाता है, जिससे चार पुरुषार्थ या चार प्रकार के फलद्द धर्म ,अर्थ ,काम एवं मोक्ष की प्राप्ति सुलभता से हो सके तथा, जीवन में सहनशील बनने बनाने के लिए भी योगदान समुचित है।

### झमाझम बारिश के कारण कोसी, तिलयोगा ,खड़क





**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/** जिले के निर्मली प्रखंड में जल अधिग्रहण क्षेत्र नेपाल व सीमावर्ती निर्मली अनुमंडल क्षेत्र में झमाझम बारिश के कारण कोसी,तिलयुगा, खड़ग व बिहुल नदी उफना गई । बीते बुधवार को खड़ग व तिलयुगा नदी का जलस्तर में वृद्धि हुई ,लिहाजा निर्मली अनुमंडल क्षेत्र में कोसी तटबंध के भीतर बसे कई गांव में पानी तेज़ी से फैल रहा है ।कई घरों में पानी घुस गया है । वही जरौली, हरियाही मे कई खेतों में पानी लग चुका,जिससे खेत में लगी फसलें भी डूब गई है । जगह-जगह सुरक्षा बांध और स्परों में कटाव हो रहा है ।हालांकि सुरक्षा तटबंध और स्परों पर कटाव को रोकने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग की टीम मुश्तैद दिख रही है और जगह-जगह कटाव निरोधी काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है ।वहीं बाढ़ प्रभावित इलाक़े के लोगों की परेशानी बढ़ गई है ।वही तिलयूंगा नदी में जलस्तर बढ़ने से निर्मली नगर के जरौली डाला से,निर्मल बाबा मंदिर से ,पूरब से लेकर वार्ड 12 तक नदी किनारे 100 से अधिक बसे लोग भयभीत हैं ।नदी किनारे रह रहे लोगों ने बताया कि तिलयूंगा नदी में जलस्तर बढ़ रही है, जिससे हमलोग भयभीत रहते हैं ,छोटे बच्चे सहित मवेशी की चिंता सताती रहती है ।रात को नदी से आए विषैला सर्प,जानलेवा जानवरों का भय रहता है ।

### एसएसबी ने मानव तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहे एक नाबालिग को छुड़ाया



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।**जिले के वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एसएसबी 45वीं बटालियन वीरपुर की सीमा चौकी भीमनगर के जाँच दल द्वारा बुधवार को सीमा पर एक नाबालिग को बोर्डर पार करते हुए पकड़ा।जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट रूपेश शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ 206/07 के रास्ते भारत की तरफ मानव तस्करी होने वाली हैं।जिसे रोकने के लिए एसएसबी भीमनगर के द्वारा विशेष जाँच दल का गठन किया गया।जिसमे सहायक उपनिरीक्षक नवाकान्त दत्ता के नेतृत्व में आरक्षी सामान्य आशित सरकार तथा साथ में 02 महिला कार्मिकों का विशेष जाँच दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुए एवं निर्धारित क्षेत्र मे तैनात होकर सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगे।कुछ समय उपरांत जाँच दल द्वारा देखा गया कि एक लड़की और एक लड़का नेपाल प्रभाग से भारत प्रभाग की तरफ आने की कोशिश कर रहे है।

### निर्मली विधायक के भांजे की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर



**संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर,राघोपुर, सुपौल/**जिले के निर्मली विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव के सगे भांजा का बुधवार देर रात्रि मौत हो गया। बताया जा रहा है कि विधायक श्री यादव का भांजा सरायगढ़-भपटियाही थाना क्षेत्र के चांदपीपर निवासी 46 वर्षीय लालेश्वर यादव उर्फ लाल यादव का बुधवार की रात्रि खाना खाने के बाद अचानक तबियत बिगड़ने लगी। जिसे आनन-फानन में विधायक अनिरूद्ध प्रसाद यादव सहित अन्य परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं ड्युटी पर मौजूद डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी। जिस कारण उनकी मौत हुई है। उनके मौत की सूचना मिलते ही फुदन यादव, विधायक अनिरूद्ध प्रसाद यादव सहित परिजनों के चीत्कार से अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। जदयू विधायक फूट-फूट कर रोते दिखे।बताया जा रहा है कि मृतक लाल यादव को तीन पुत्री एवं एक पुत्र हैं। जिसमें बड़ी बेटी का उन्होंने बीते 18 जून को बड़े ही धूमधाम से शादी किया था। बताया जा रहा है कि वे बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। इसी क्रम में बुधवार की रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन इसी दौरान उनकी मौत हो गई।

### हाईटेंशन बिजली तार के चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत



**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर, सुपौल।**जिले में वीरपुर अनुमंडल के प्रतापगंज प्रखंड क्षेत्र के चिलौनी उत्तर पंचायत स्थित वार्ड 11 में हाई टेंशन बिजली तार के चपेट में आने से एक 12 वर्षीय बच्ची काजल की मौत हो गई है। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि तीनटोलीया निवासी वरूण यादव की बेटी काजल दिन के दस बजे के लगभग खेत में काम कर रही अपने मां से मिलने जा रही थी। इसी क्रम में खेत से गुजरे 11 हजार हाईटेंशन बिजली के टूटे तार की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। घटना की खबर फैलते हीं लोगों का भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गया। वहीं मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। पंचायत के मुखिया अनिल कुमार यादव भी खबर लगते हीं घटनास्थल पर पहूंचकर घटना की जानकारी बिजली विभाग के जेई सहित थाना को दी। सूचना पाते हीं संबंध विभाग के पदाधिकारी सहित थानाध्यक्ष अभिषेक अंजन दलबल के साथ घटनास्थल पर पहूंचे। थानाध्यक्ष ने लाश को अपने कब्जे में कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सुपौल भेज दिया। काजल की मौत पर घर में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### शोकाकुल परिजनों से मिलें पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा, बंधाया ढांढस



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले के छातापुर मुख्य बाजार निवासी एक दैनिक अखबार (प्रभात खबर) के पत्रकार संजय कुमार पप्पू की 75 वर्षीय मां आनंदी देवी का बीते रविवार की देर रात निधन हो गया था। उनके शोकाकुल परिजनों से मिलने पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा उनके घर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आनंदी देवी के छोटे पुत्र समेत अन्य शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना किया। दिवंगत आनंदी देवी के परिजनों ने श्री मिश्रा को बताया की बीते रविवार की संध्या परिजनों के साथ दिवंगत आनंदी देवी स्थानीय दिहवारिणी स्थान में अखरियाँ पुजा करने गई थी। वहां से पूजा करके आई। रात्रि काल वो खाना खाकर आराम से सोने गई थी। देर रात्रि लगभग एक बजे उन्हें बैचैनी महसूस हुआ तथा सांस लेने में कुछ परेशानी हुई। तत्पश्चात उन्हें आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां दो बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मौके पर पत्रकार, संजय कुमार भगत, सुभाष चंद्रा, प्रदीप जैन, इमरान खान, मो. नजीर, राजेश चौधरी, रियाज खान, सोनू कुमार भगत, केशव कुमार, दीपक दिलवर आदि थे।

**जख्मी** इस घटना में एक किशोर व एक युवक जख्मी हो गया।

## बर्थडे पर केक काटने जा रहे एक किशोर व एक युवक पर अपराधी ने चलाई गोली, रेफर



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल/**जिले के निर्मली थाना से महज 50-60 मीटर की दूरी पर गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे बेखौफ अपराधी ने एक किशोर व एक युवक पर गोली चला दी। इस घटना में एक किशोर व एक युवक जख्मी हो गया। जख्मियों की पहचान नदी थाना क्षेत्र के मौवाही गांव निवासी शंभू प्रसाद गुप्ता का 17 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार व मौवाही गांव निवासी लगभग 25 वर्षीय दीपक कुमार के रूप में हुई। दोनों ट्यूशन पढ़कर दोस्त के कमरे पर जा रहा था। स्थानीय लोगों की सहयोग से जख्मी अवस्था मे किशोर को अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद किशोर को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर दरभंगा रेफर कर दिया गया। जबकि इस घटना में जख्मी युवक का स्थानीय निजी क्लिनिक में उपचार चल रहा है। अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. पीके राय ने बताया कि किशोर के गर्दन को छूकर गोली निकल गई है। लेकिन गर्दन पर जख्म बढ़ रहे हैं। इसलिए अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर किशोर को डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि रौशन व दीपक अपने दोस्त के कमरे पर बर्थडे का केक काटने जा रहा रहा था। इसी बीच हथियार से लैश एक सख्श वहां पहुंचा और दोनों पर गोली चला दी। इस क्रम में गोली रौशन के गर्दन को व दीपक के हाथ को छूते हुए निकल गई।

वहीं, घटना की सूचना पर पुलिस बल के साथ निर्मली थानाध्यक्ष पंकज कुमार, पुअनि वशिष्टमुनि राय सहित अन्य अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। इस क्रम में जख्मी किशोर का फर्द बयान लिया गया। किशोर के गर्दन पर जख्म बढ़ते देख उसे पुलिस संरक्षण में बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस से दरभंगा भेजा गया। इधर, निर्मली थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि घटनास्थल का जायजा लिया गया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच में जुट गई है।

## अवशिष्ट प्रसंस्करण को ग्रामीण विकास के सचिव डॉक्टर एन सरवन कुमार ने किया औचक निरीक्षण



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड परिसर स्थित अवशिष्ट प्रसंस्करण का बुधवार को ग्रामीण विकास के सचिव डॉ एन श्रवण कुमार ने औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने लगाए सभी उपकरणों को संचालित करवा कर प्रोसेसिंग की जानकारी प्राप्त किया। वहीं मौजूद डीएम कौशल कुमार ने सचिव को जानकारी देते हुए बताया कि अभी किशनपुर प्रखंड के मात्र 4 पंचायतों से कचरा कलेक्ट करने का काम किया जा रहा है। बांकी पंचायतों में इसकी तैयारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अब तक 12000 किलो प्लास्टिक तैयार किया गया है। जिले के 93 पंचायतों में डब्लूपीओ का कार्य प्रारंभ है। वहीं डीएम ने कहा कि नल - जल योजना के तहत प्रति परिवार 30 रुपया लेना प्रारंभ कर दिया गया है। जिले में करीब 40 हजार परिवार पैसा देना प्रारंभ कर दिया है। जहां उक्त राशि को खाता खुलवा कर रखा जा रहा है। वही सचिव ने कहा कि ये सबसे जरूरी चीज है और सरकार साल दो साल मदद करेगी। बाकी इसी व्यवस्था से इसे चलानी है।

वही सचिव ने संपूर्ण पंचायतों में डब्ल्यू टीओ का प्लांट लगाकर नियमित रूप से कचरा उठाव का निर्देश देते हुए तैयार प्रोडक्ट को बाहर के बाजारों में अधिक मूल्य पर बिक्री करने का निर्देश दिया। ताकि व्यवस्थाएं निरंतर चलती रहे । घटिया कार्य पर भरके सचिव। प्रखंड मुख्यालय स्थित अवशिष्ट प्रसंस्करण इकाई परिसर में लाखों की लागत से की गई फेवर ब्लॉक के घटिया कार्य को लेकर सचिव ने बीडीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए पुनः फेवर ब्लॉक कार्य कराने का निर्देश दिया। बता दे कि सचिव के निरीक्षण में फेवर ब्लॉक लगातार नीचे धस्ता जा रहा था

## खास ख़बर

# डीएसपी ने क्राइम मीटिंग कर की समीक्षा, लंबित कांडो के जल्द निष्पादन सहित दिया अन्य जरुरी दिशा निर्देश



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर के कार्यालय सभागार में गुरुवार को अनुमंडल स्तरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसडीपीओ विप्लव कुमार की अध्यक्षता में मासिक क्राइम बैठक का आयोजन किया गया। एसडीपीओ ने बैठक में उपस्थित सभी थानाध्यक्षों को कई दिशा निर्देश दिए।जिसमें राज्य में लागू शराब बंदी कानून को सख्ती से पालन कर शराब तस्करों और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चला कर कारवाई करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक बैठक के माध्यम से वरीय पदाधिकारी के आदेश के आलोक में क्राइम कंट्रोल को लेकर निर्देश दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उपस्थित अधिकारियों को शराब बंदी कानून को सख्ती से लागू करने, लंबित कांडों का निष्पादन ससमय करने के साथ फरार वारंटी की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाने, रात्री गश्ती तेज करने, शराब समेत अन्य मामलों में पुलिस द्वारा कारवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। बैठक में जयनगर के थाना अध्यक्ष अमित कुमार,सर्किल इंस्पेक्टर आर.के. भानु, लदनिया थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# बीड़ी श्रमिक एवं भवन निर्माण श्रमिक के बीच स्वास्थ्य कैंप तथा जागरूकता शिविर आयोजित



**आलमनगर ।**आलमनगर थाना क्षेत्र के सफरदह भरतखंड वासा वार्ड नंबर 12 कुजौरी आलमनगर मोहम्मद आशिक के दरवाजे पर भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के आदेश से राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक द्वारा कामगार सूचना एवं सहायता केंद्र के तत्वावधान में बीड़ी श्रमिक एवं भवन निर्माण श्रमिक के बीच स्वास्थ्य कैंप तथा कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री श्रम योगी मंधन एवं श्रम कार्ड के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें 5 दर्जन से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया सभी का निशुल्क जांच शिविर आयोजन स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का भी कार्यक्रम एस्टैटिक चलंत चिकित्सालय मधेपुरा के वरीय भैषज्य अधिकारी द्वारा किया गया । इस आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में एसके सुशील कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष हीरा पासवान, अफरोजा खातून ,बीवी मंजू, मो कयूम, केसरी खातून, अफ़रीदा खातुन ,मो सज्जाद, समीना खातून ,मो जमाल, रुकिया खातून मो, आशिक ,मो नामो आदि शिरकत किए।

# प्राचार्य ऐनुल्लाह जी का शव कॉलेज के रेलिंग से लटकता पाया गया



**मधेपुरा।** एम पी कॉलेज ऑफ एजुकेशन चाँदनी चौक, मधेपुरा के प्राचार्य ऐनुल्लाह जी का शव कॉलेज के रेलिंग से लटकता पाया गया । अब वे हमारे बीच नहीं रहे, बड़े ही सरल स्वभाव के थे और पैर से दिव्यांग भी थे. कांग्रेस नेता संजय कुमार सिंह ने मधेपुरा पुलिस से मांग किया कि इसकी सीबीआई से जाँच होनी चाहिए, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# प्रमंडल के नवपदस्थापित सीएचओ के लिए परिवार नियोजन से संबंधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## परिवार नियोजन अपनाने में महिला और पुरुषों की आपसी सहमति जरूरी



**पूर्णिया ।**परिवार नियोजन एक ऐसी योजना है, जिसमें परिवार की आय, माता के स्वास्थ्य, बच्चों के समुचित पालन पोषण तथा शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त समय पर और एक आदर्श संख्या में शिशुओं को जन्म दिया जाए। जिससे बाल विवाह रुके व दो बच्चों के जन्मों के बीच अंतर बढ़ाने को बढ़ावा देने के साथ ही परिवार नियोजन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना होता है। उक्त बातें स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ विजय कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अंतिम दिन उपस्थित सभी सीएचओ को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर सेंटर फॉर एडवोकेसी रिसर्च (सिफार) के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, आरपीएमयू के कर्मी श्याम कुमार एवं शाहनवाज आलम उपस्थित थे।राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा-निर्देश के आलोक में वर्ष 2023/24 के दौरान परिवार नियोजन को लेकर पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज जिले में नवपदस्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को लाभुकों को परिवार नियोजन की गुणवत्तापूर्ण सेवा दिए जाने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पूर्णिया सहित अन्य सभी जिलों के 30/30 सीएचओ को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान परिवार नियोजन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में जपाइगो के क्षेत्रीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ गंगेश गुंजन, केयर इंडिया की ओर से डीपीएचओ सोमेन अधिकारी एवं सनत गुहा रहे। इसके साथ ही क्षेत्रीय स्वास्थ्य अपर निदेशक डॉ विजय कुमार, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैशर इक़बाल एवं क्षेत्रीय आशा समन्वयक प्रियंका कुमारी के दिशा-निर्देश में चार पाली में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैसर इक़बाल ने कहा कि परिवार नियोजन अपनाने में मुख्य रूप से कंडोम, गर्भनिरोधक गोली एवं अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूडी) को आसानी से उपयोग में लाया जा सकता है।इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इस तरह की प्रक्रिया में यौन संबंध से होने वाले रोग से भी अपने आपको बचाया जा सकता है। वहीं गर्भनिरोधक गोली खाने से सबसे बड़ा फायदा यह है कि गर्भवती ना होना महिला के हाथ में होता है। आप बिना किसी परेशानी के यह गोली का सेवन आसानी से 1 से 2 साल तक ले सकती हैं। वहीं अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूडी) यह एक लंबे अरसे तक चलने वाला तरीका है। यह बहुत ही आसान और छोटी सी प्रक्रिया होती है। प्रतिदिन गोली खाने या कंडोम के प्रयोग से छुटकारा पाने से सबसे सरल व आसान तरीका (आईयूडी) लगाना होता है। आप जब चाहें इसको निकलवा सकती हैं। यह तीनों तरीके बहुत ही आसान, सस्ते और आसानी से मिलने वाले हैं। उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सिर्फ़ तब तक ही काम करता है जब तक आप चाहें। अगर आप बच्चा चाहती हैं, तो इन्हे रोक कर आराम से गर्भवती हो सकती। आगामी 11 जुलाई से होने वाले परिवार मिशन पखवाड़ा में बढ़ चढ़ कर कार्य करने के लिए कहा गया है। परिवार नियोजन से संबंधित परामर्श के लिए टॉल फ्री नंबर का करें प्रयोग क्षेत्रीय आशा समन्वयक प्रियंका कुमारी ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका काफ़ी महत्वपूर्ण होती है। इनलोगों की पहुंच घर के बाहर और अंदर तक होती है। जिस कारण डोर टू डोर भ्रमण कर जानकारी लेने में महती भूमिका निभाती हैं। भारत सरकार ने टॉल फ्री नंबर (1800116555) एवं बिहार सरकार ने टॉल फ्री नंबर (104) जारी किया है ताकि देश एवं राज्य की जनता परिवार नियोजन से संबंधित उचित सलाह या परामर्श आसानी ले सके। गर्भ निरोधक सुई- अंतरा के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए टॉल फ्री नंबर (1800-120-1236) जारी किया गया है।

# टेलीकंसल्टेशन सेवाओं को लेकर जारी राज्यस्तरीय रैंकिंग में अररिया को पहला स्थान,महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किये गये अधिकारी


राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

Certificate of Appreciation

is presented to Mr. Rakesh Kumar District Planning Coordinator, Araria

in recognition of outstanding support & contribution in achieving the First Position (Category B districts) for conducting the highest number of Teleconsultations

(Period: Jan-23 to June-23)

State Program Officer, Health & Wellness Center, State Health Society, Bihar

jhpiego

Executive Director, State Health Society, Bihar

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**टेलीकंस्लटेशन सेवाओं के सफल संचालन मामले में जिले को महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। इसे लेकर जारी राज्यस्तरीय रैंकिंग में अररिया को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। खास बात टेलीकंसल्टेशन सेवाओं के संचालन संबंधी अलग अलग दो श्रेणियों में जिले का प्रदर्शन अव्वल पाया गया। इसे लेकर राजधानी पटना में आयोजित विशेष सम्मान समारोह के दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार सिंह द्वारा जिला मूल्यांकन व अनुश्रवण पदाधिकारी पंकज कुमार व जिला योजना समन्वयक राकेश कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित टेलीमेडिसिन सेवाओं के सफल क्रियान्वयन से जुड़े इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उत्साहित हैं। **दो अलग-अलग श्रेणियों में जिले का प्रदर्शन रहा अव्वल-**जिला मूल्यांकन व अनुश्रवण पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि दो अलग-अलग श्रेणियों में अव्वल प्रदर्शन को लेकर जिले को सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि दस से कम प्रखंड वाले जिलों में जनवरी माह से जून माह के अंत तक सबसे अधिक लोगों तक टेलीकंसल्टेशन सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिये जिले को ये सम्मान हासिल हुआ है। वहीं टेलीकंसल्टेशन सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हर महीने के पहले व तीसरे बुधवार को संचालित विशेष अभियान में बेहतर प्रदर्शन के लिये अररिया को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में 21 हब व 300 के करीब स्पॉक सक्रिय हैं। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक सेवाओं का लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। **बीते छह महीने में 01 लाख लोग हुए लाभान्वित-** जिला योजना समन्वयक राकेश कुमार ने बताया कि जिले में टेलीकंसल्टेशन सेवाओं को प्रभावी बनाने को लेकर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके जरिये सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के लोगों को घर बैठे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जिले में जनवरी से जून माह के अंत तक करीब 01 लाख लोगों को टेलीकंसल्टेशन सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। वहीं इसे लेकर संचालित विशेष अभियान के क्रम में 25 हजार से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। **सामुहिक प्रयास से बेहतर प्रदर्शन हुआ संभव-**सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये संबंधित सभी स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। सिविल सर्जन ने कहा कि टेलीकंसल्टेशन सेवाओं के माध्यम से लोगों को घर बैठे विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से बेहतर चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इससे बड़े अस्पतालों पर मरीजों का बोझ जहां कम हुआ है। वहीं आम लोगों को इलाज पर आने वाला खर्च व समय की बचत हो रही है।

**घर बैठे लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवाओं को मिल रहा है लाभ- सिविल सर्जन**

# एस एस बी कैंप अररिया समस्त सीमा चौकियो के अंतर्गत आनेवाले स्कूल, कॉलेजों आदि जगहों पर किया गया वृक्षारोपण




**अररिया।**भारत सरकार गृह मंत्रालय के निर्देशन में दिनांक 06/07/2023 को वृक्षारोपण अभियान -2023 के तहत 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के द्वारा एस एस बी कैंप अररिया और समस्त सीमा चौकियो के अंतर्गत आनेवाले स्कूल, कॉलेजों इत्यादि जगहों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया जिसमे श्री महेंद्र प्रताप, कमाडेंट 52 वी वाहिनी ने अररिया स्थित केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य श्रीमती पी.लाकडा, शिक्षको और छात्र/छात्राएं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया कमांडेंट श्री प्रताप ने वृक्षारोपण के बारे में छात्र/छात्राओं को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वृक्ष हमारे लिए बहुत जरुरी है वृक्षों से ही हम आज शुद्ध और स्वक्ष वायु ले पाते हैं जो कि मानव के लिए बेहद जरुरी हैं, साथ ही साथ महोदय ने भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ/कार्यक्रम के बारे में शिक्षको, छात्र/छात्राओं व वहां पर उपस्थित जवानों को भी विस्तृत जानकारी दी (जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढाओ, छात्र/छात्राएं व महिलाओ को केद्रीय सशस्त्र बल में भर्ती हेतु टिप्स, नशा मुक्त भारत अभियान, मोटे आनाजो के उपयोग हेतु और इत्यादि ) इसी क्रम में, आज सीमा क्षेत्र लेटी और कुआरी में उप कमांडेंट श्री आनंद प्रकाश यादव की अगुआई में सीमावर्ती इलाकों में स्थानीय नागरिको, शिक्षक, छात्र/छात्राओं और जवानों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया साथ ही, सीमावार्तीय लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक किया गया ताकि पर्यावरण को संतुलित करने में अपना अहम् योगदान सुनिश्चित कर सके उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ मनोज जाट, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा पदाधिकारी), निरीक्षक मोंतुलम चेतम, निरीक्षक विजय कुमार और अन्य जवान उपस्थित थे

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिर काल तक प्रासंगिक रहेंगे- प्रवीण



**फारबिसगंज ।**एक राष्ट्र एक निशान एक विधान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन विद्या, वित्त और विकास के चिंतन से जुड़ी धाराओं का संगम था।जिनके बलिदान और सँघर्ष ने कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाये रखा उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने फ़ारबिसगंज में युवा मोर्चा नगर महामंत्री अंचल सिंह के अगुवाई में आयोजित डॉ मुखर्जी के 122 वीं जयंती पर युवा कार्यकर्ताओं संग उन्हें नमन करते हुए कही। श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले राष्ट्र के अस्मिता के प्रतीक डॉ मुखर्जी राष्ट्र पुनर्निर्माण में स्वदेशी नीति के ना सिर्फ प्रबल समर्थक थे बल्कि राष्ट्र और विचारधारा समर्पित उनका जीवन चिर काल तक प्रासंगिक रहेंगे।वही डॉ मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजयुमो जिला मंत्री करण सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य विपुल सिंह,नगर मंत्री सत्य प्रकाश, पप्पू कुमार, मुन्ना कुमार गौरव सिंह आदि ने कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए डॉ मुखर्जी का बलिदान और योगदान ना सिर्फ करोड़ो युवाओं के प्रेरणास्रोत है बल्कि अनंत काल तक देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। मौके पर मोर्चा के अनेकों कार्यकर्ताओं युवाओं ने उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

# अररिया डीएम इनायत खान द्वारा इंडोर स्टेडियम परिसर स्थित ई वी एम भी भी पैट वेयरहाउस का किया गया मासिक निरीक्षण



**अररिया।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, अररिया श्रीमती इनायत खान द्वारा आज इंडोर स्टेडियम परिसर स्थित ई वी एम भी भी पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण, विद्युत एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी अररिया, अंचलाधिकारी सह एवीएम वेयर हाउस प्रभारी सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

**बैठक** — बिना उचित कारण के किसी मरीज को रेफर करने से करें परहेज- सिविल सर्जन

# सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण,अधिकारियों के साथ की बैठक



**अररिया ।** सदर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाएं व उपलब्ध इंतजामों का गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। ओपीडी सेवाओं का गंभीरता से मुआयना करते हुए इलाज के लिये कतारबद्ध मरीजों से उन्होंने जरूरी पूछताछ की। निरीक्षण के क्रम में सभी चिकित्सक व कर्मी अपने ड्यूटी पर तैनात मिले। इमरजेंसी वार्ड, प्रसव वार्ड, एसएनसीयू सीटी स्कैन सेंटर, लैब सहित अन्य स्थानों का उन्होंने निरीक्षण किया। इसके बाद में अस्पताल के अधिकारियों व चिकित्सकों से साथ बैठक करते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई जरूरी दिशा निर्देश दिये।

**व्यवस्था में सुधार लाना निरीक्षण का उद्देश्य-**सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं में पहले की तुलना में सुधार हुआ है। इसे और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे उद्देश्य से अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। ताकि जो थोड़ी बहुत कमियां है। इसे सूचीबद्ध करते हुए बेहतर बनाने का प्रयास किया जा सके। निरीक्षण का उद्देश्य किसी अधिकारी व कर्मियों को दंडित करना नहीं बल्कि उन्हें चिह्नित करते हुए उन्हें अपने स्तर से सुधार के लिये प्रेरित करना है।

**बिना वजह मरीज को रेफर करने से करें परहेज-**निरीक्षण के उपरांत अस्पताल के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सिविल सर्जन ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। निर्धारित रोस्टर के मुताबिक चिकित्सक व कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारी को दिया। बेवजह चिकित्सक व कर्मियों द्वारा मरीजों को रेफर करने से जुड़ी शिकायत पर सख्त रवैया अपनाते हुए उन्होंने कहा कि बिना वाजिब कारणों के किसी भी मरीज को बेहतर इलाज के नाम पर रेफर नहीं किया जाना चाहिये। इससे लोगों को बेवजह इलाज संबंधी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। साथ ही सरकारी चिकित्सा संस्थान के प्रति उनका विश्वास भी कमजोर होता है।

बिना तर्कपूर्ण कारणों के किसी मरीज को रेफर करने से जुड़ी शिकायत पर ठोस विभागीय कार्रवाई की चेतावनी उन्होंने दी। सीटी स्कैन, एक्सरे सहित अन्य जांच की गुणवत्ता को हर हाल में बरकरार रखने का निर्देश उन्होंने दिया। मौके पर प्रभारी अस्पताल अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ आकाश कुमार, डॉ मिथिलेश कुमार, अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद, साइकोलॉजिस्ट शुभम कुमार, सीएस कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक आयोजित



**फारबिसगंज ।**बुद्धवार को बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक स्थानीय पेंसनर भवन में आयोजित की गई,जिसकी अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने किया जबकि संचालन संयुक्त सचिव सह मीडिय प्रभारी बिद्यानंद पासवान ने की। सचिव मधुसूदन मंडल ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तूत किया ।सभापति श्री वर्मा ने कुछ एजेंडा पेश किया जिसमें मुख्यतः सेवानिवृत हुए कर्मियों को पेंसनर समाज से जोड़ कर सदस्यों की संख्याँ बढाने पर बल दिया ।नये सदस्य के रूप में सेवानिवृत शिक्षक रामप्रसाद यादव एवं उद्यानंद झा ने सदस्यता ग्रहण की ।बर्षात के मौसम में भवन तक जाने-आने में कीचड़मय रास्ते को पार करने की कठिनाइयों पर चिन्ता जाहिर की गई ।नगर परिषद फारविसगंज की मुख्यपार्षद महोदया ने बर्षात के पूर्व सड़क निर्माण कर दिये जाने का जो आश्वासन दिया था वो सिफर साबित हुआ । विश्वस्त सुत्र से पता चला कि सड़क निर्माण हेतु टेंडर गिर चुका है। इधर सिखों के छठवें गुरू हरगोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर इंद्रधनुष साहित्य परिषद के संस्थापक विनोद कुमार तिवारी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला साथ हीं इन्होनें द्विजदेनी क्लब फारविसगंज के द्वारा पेंसनर समाज के पदधारकों, कार्यकारणी के सदस्यों को फाइल, फोटो तथा कलम देकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएँ दी।अन्त में उपसभापति सच्चिदानन्द मेहता ने उपस्थित सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त कर दी ।

## ख़ास ख़बर

## भाजपाइयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**गुरुवार को गांधी मैदान के समीप समाज कल्याण समिति परिसर में जामताड़ा भाजपा नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता की अध्यक्षता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर राष्ट्रीय निर्माण में उनके योगदान को याद किया। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अगर है तो डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुष पार्टी के संस्थापक के कारण ही हैं। इन्होंने जम्मू कश्मीर में लगी धारा 370 का विरोध करते हुए कहा था कि एक देश में दो निशान दो विधान दो प्रधान नहीं चलेगा। जिस को हटाने का काम आज के तत्कालीन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश सिंह, भाजयुमो महामंत्री चंदन रावत, नगर मंत्री बृजेश रावत, भाजपा आईटी सेल प्रमुख प्रदीप रावत, अंजनी तिवारी, संजय निषाद, शंकर यादव, मनोज भंडारी, परेश चौधरी, राहुल देव शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारत मिशन शहरी अंतर्गत सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए प्रशासक सह अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में एक बैठक नगर परिषद मधुपुर में की गई। जिसमें राष्ट्रीय स्तर की स्वच्छता प्रतियोगिता स्वच्छ सर्वेक्षण, 2023 में मधुपुर शहर को कैसे उच्च रैंक प्राप्त हो, इस विषय पर चर्चा की गई । स्वच्छ सर्वेक्षण के दिशा निर्देशों के आलोक में सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। ये प्रतियोगिता कुल 9500 नंबर का होगा । विशेषकर उन बिंदुओं पर फोकस करने का निर्देश दिया गया। जिस पर अधिक से अधिक नंबर प्राप्त किया जा सकता है। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की जिम्मेवारी तय की गई। विदित हो कि पूर्व में 2019 की इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मधुपुर को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इस बैठक में नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत,सहायक अभियंता कृपाशंकर, कनीय अभियंता दिलीप कुमार, मनोहर कुमार दास,भूपेंद्र, मिथुन,औरंगजेब, संजय, सदानंद,मनीष, राजीव, गोलू, फुरकान, तुलसी, संजीत, बबलू आदि उपस्थित थे।

## कल्हाजोर स्थित पत्थर खदान में मिली विवाहिता की शव



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता /मधुपुर/ देवघर/**बुढ़ई थाना क्षेत्र के कल्हाजोर गाँव स्थित एक पत्थर खदान में रेश्मा खातुन नामक 20 वर्षीय विवाहित महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मौके पर बुढ़ैई थाना प्रभारी हिरालाल तुबीद पुलिस बल के साथ पहुँच कर शव को खदान से बाहर निकाल कर कब्जे में लिया। वहीं घटना की सूचना आस-पास के गांव के लोगों को मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इधर मृतिका के परिजन ने रेश्मा के पति दाउद अंसारी व ससुराल वालो पर दहेज के खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया है।

# अच्छी पहल- थाना प्रभारी महेश मुंडा ने रोड सेफ्टी तथा एमवी एक्ट के बारे में छात्रों को दी जानकारी

### इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल का अनुपालन करने हेतु विस्तृत जानकारी दी



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला (जामताड़ा)/**नाला थाना प्रभारी महेशमुंडा ने किष्टोपुर उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा मोटर व्हीकल एक्ट से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल का अनुपालन करने हेतु विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीली बत्ती जलते ही रुकने को तैयार रहें और लाल बत्ती होने पर पूरी तरह रुक जाए। इसके अलावा उन्होंने गति सीमा का अनुपालन करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों में सख्ती बरते तभी मिलेगी दुर्घटनाओं से मुक्ति। इसके अलावा उन्हें अन्य वाहनों से उचित दूरी बनाए रखने का भी सुझाव दिया। कहा कि अपने वाहन और सामने वाले वाहन के बीच समुचित सुरक्षित अनुगामी दूरी बनाए रखें। साथ ही नशीली पदार्थ का सेवन कर वाहन ना चलाएं। नशे में वाहन चलाना आपके और सड़क पर अन्य लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने चार पहिया वाहन चलाते वक्त हमेशा सीट बेल्ट का उपयोग करने का भी सुझाव दिया। कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान सीट बेल्ट आपकी जान बचाने में सहायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को नजरअंदाज ना करें। इस दौरान उन्होंने मोटर यान अधिनियम एमवी एक्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन से यात्रा करने पर धारा 194 (डी) के तहत 1000 का जुर्माना भरना पड़ सकता है। बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन से यात्रा करने पर धारा 194 (बी) के तहत 1000 का जुर्माना भरना पड़ सकता है। इस दौरान उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तक भी वितरण किया और बच्चों को अपने अभिभावकों तथा आस-पड़ोस के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि समाज में हो रहे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और हम सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि आज सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने के कारण वाहन चालकों में मृत्यु दर की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है

## मुख्यालय स्थित एक घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित/जामताड़ा/** कुंडहित मुख्यालय में बुधवार की देर रात को एक घर में गैस सिलिंडर में खाना बनाते समय आग लग गई। इससे घर में अफरा-तफरी मच गई। घर के मालिक ने सिलिंडर को बाहर निकालकर आसपास के लोगों को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने काफी देर तक कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंडहित मुख्यालय निवासी मोहम्मद इम्तियाज शेख उर्फ बहादुर रसोई में सिलिंडर पर खाना पकाने के लिए गैस को चालू किया। इसी बीच बहादुर की नजर सिलिंडर पर पड़ी तो उसमें आग जलते दिखा। इस पर उन्होंने हिम्मत करके किसी तरह से सिलिंडर बाहर निकालकर आसपास के लोगों को सूचना दी। मौके पर जुटे लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। सिलिंडर विस्फोट न कर जाय, इसको देखते हुए अग्निशमन यंत्र भी मंगाया गया। इसी दौरान दो युवक ने हिम्मत करके बालू के सहारे सिलिंडर में लगी आग पर काबू का प्रयास किया। इसके बाद किसी तरह से काफी देर बाद आग पर काबू किया जा सका। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया है। इधर गैस सिलेंडर में आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई थी।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने किया विभिन्न गांवों का दौरा



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला ( जामताड़ा)/**जिला परिषद अध्यक्ष राधारानी सोरेन ने नाला प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया ।इस क्रम में कई गांवों में बैठक कर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी ।इस दौरान उन्होंने पायराखोप विद्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बारे में उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय निरीक्षण संतोषजनक नहीं पाया गया। कहा कि विद्यालय के आसपास काफी कचरा गंदगी फैला हुआ था। साथ ही विद्यालय में बच्चे भी कम थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि शिक्षकों को विद्यालय की सामग्रियों को व्यवस्थित ढंग से रखने तथा विद्यालय को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया गया। जिप अध्यक्षा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मात्र सात- आठ बच्चे उपस्थित पाए गए। जबकि 2 शिक्षक दीपक कुमार मंडल तथा सुकूजन राय मौजूद थे। इसके अलावा उन्होंने पायराखोप गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या तथा ट्रांसफार्मर की समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 1 साल से ट्रांसफार्मर बंद पड़ा हुआ है जिसके फलस्वरूप बिजली की समस्या है। वहीं पेयजल की समस्या भी ग्रामीणों ने रखी। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा राधारानी सोरेन ने संबंधित विभाग के एसडीओ को फोन के माध्यम से समस्या के त्वरित निष्पादन करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंन आमलाजोड़ा, नाला , दलाबड़ आदि गांव का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरीधारी ठाकुर, शेख अमीरुल आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा मधुपुर कॉलेज परिसर में कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधुपुर इकाई द्वारा गुरुवार को मधुपुर कॉलेज परिसर में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित देवघर एवं जामतारा के विभाग संगठन मंत्री उपेंद्र कुमार ने आगामी हमारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में से एक एबीवीपी की स्थापना दिवस के अवसर पर संगोष्ठी और अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी छात्र हित व समाज हित और राष्ट्र हित में काम करने वाला दुनियां का सबसे बड़ा छात्र संगठन है ।"लड़ो पढ़ाई करने के लिए और पढ़ो समाज बदलने के लिए" इस संकल्प से जीना चाहिए इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित यादव व नगर मंत्री सुदामा यादव, ने कहा कि आगामी कई बड़े संगठनात्मक कार्यक्रम धूमधाम से करेंगे और छात्र कल का नही बल्कि आज का नागरिक है । एबीवीपी छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है। मौके पर उपस्थित ,नैतिक तिवारी,राहुल कुमार, विष्णु गुप्ता, गौरव कुमार, सचिन कुमार, राज कुमार, हिमेश कुमार, सुमित कुमार , पुरुषोत्तम कुमार , आशीष कुमार, भोलू कुमार आदि उपस्थित थे।

## मधुपुर एसडीओ ने बजार मे चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ आशीष अग्रवाल एवं सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से पुलिस प्रशासन के साथ गुरुवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने रामचंद्र हटिया बाजार मार्केट कंपलेक्स में आवंटित स्टॉल के दुकान की जांच की गई । जांच के दौरान आवंटित स्टॉल धारक का फोटो दुकानदार से मिलान किया गया । मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी स्टॉल धारकों को हिदायत दिया कि जिनके नाम से स्टॉल है वहीं दुकानदारी करें। अगर दूसरा कोई दुकान चलाते पकड़े गया तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी । जिन्हें स्टॉल आवंटित हुआ है वह स्टॉल के अंदर ही अपना सामान रखकर बेचे। स्टाल के बाहर सरकारी जमीन को अतिक्रमण नहीं करें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी । इसके बाद नगर परिषद के द्वारा रामचंद्र हटिया बाजार में सफाई अभियान चलाया गया । अधिकारियों ने घूम घूम कर हटिया रोड, भगत सिंह चौक रोड में अतिक्रमण नहीं करने को कहा । मौके पर सीओ परमेश्वर कुशवाहा, इंस्पेक्टर, इंचार्ज रामदयाल मुंडा, नाजिर जावेद इकबाल, मोहम्मद मेराज, आमीन नंदू पासवान, अजय कुमार समेत नप कर्मी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## अनियंत्रित होकर बस बिजली के खंभे से टकराई बाल बाल बचे यात्री



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**बुढ़ई थाना क्षेत्र के जगदीशपूर-धमनी पथ पर बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे एक यात्री से भरी बस सड़क किनारे स्थित बिजली के खंभे से टकरा गयी। हालांकि हादसे में बस पर सवार तीर्थ यात्री बाल- बच गए। बस पर सवार कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं ।बताया जाता है कि बस रांची से सुलतानगंज जा रही थी। रास्ते में बस का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई। इधर बिजली खंभे से बस टकराने से ट्रान्सफर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण बिजली विभाग को लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। बाद में दूसरा बस बुलाकर यात्रियों को गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया गया है। बिजली विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से मामले की छानबीन कर रही है ।

**भड़के** इस अमानवीय घटना ने पूरे समाज को नीचा दिखाने का काम किया है

## भाजपा विधायक के प्रतिनिधि द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले पर जमकर भड़के जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/देवघर/**मध्य प्रदेश से भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला का प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला द्वारा एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने पर जमकर भड़कते हुए जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा की भाजपा का यही असली चेहरा है।

ऐसी गिरी हुई हरकत का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। भाजपा वाले हम आदिवासी दलित अल्पसंख्यक को कूड़ा और कचरा समझते है।

इस अमानवीय घटना ने पूरे समाज को नीचा दिखाने का काम किया है।

भाजपा वाले ने अपनी असली मानसिकता का परिचय दिया है। विधायक अंसारी ने कहा कि मैं पहले से ही कहता आ रहा हूं कि अंग्रेज और भाजपा में कोई अंतर नहीं है

जिस प्रकार अंग्रेज हम भारतीयों के साथ अमानवीय व्यवहार एवं नीचा दिखाने का काम करते थे ठीक उसी प्रकार आज भाजपा के लोग हम दलित आदिवासी अल्पसंख्यक के मुंह में पेशाब कर उन्हें नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं।

यह पूरी घटना आदिवासी अस्मिता पर प्रहार है।

इस घटना ने भगवान बिरसा मुंडा एवं सिद्धू कानू जैसे महापुरुषों के लिए अपमान है। इस घटना ने ना केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश के करोड़ों आदिवासी भाई बहनों को अपमान किया है। यह घटना साफ बताती है कि सामंतवाद अब भी जिंदा है और आदिवासियों दलितों एवं अल्पसंख्यकों का शोषण हो रहा है।

आज हमारे आदिवासी भाइयों में भारी आक्रोश है और यह लोग भाजपा की ओर देखना पसंद नहीं कर रहे हैं।

मैं देश के मोदी सरकार को चेतावनी देता हूं की समाज में हो रहे अत्याचारों को सरकारी संरक्षण देना बंद करें।

कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से गरीब शोषित आदिवासी दलित अल्पसंख्यक वर्ग के साथ मजबूती के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाकर रहेगी।

## रेल मंडल के वरिष्ठ अभियंता अमरीश मोहन ने मधुपुर गिरिडीह रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर गिरिडीह सवारी ट्रेन की रफ्तार पहले की तुलना में अब बढ़ेगी । कम समय में यात्री मधुपुर से गिरिडीह का सफर करेंगे । हालांकि रेलवे मार्ग पर इलेक्ट्रिक फिकेशन होने पर इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेन चलने पर यात्रियों की थोड़ी राहत मिली थी।अब ट्रेन की स्पीड बढ़ने से यात्रियों को और फायदा होगा । रेलवे ने इसके लिए मधुपुर गिरिडीह रेल मार्ग पर ट्रेन की गति सीमा बढ़ाने को लेकर रेलवे ट्रैक का नवीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है %। बुधवार को रेल मंडल के वरिष्ठ अभियंता 2 अमरीश मोहन के नेतृत्व में ओएमएस मैनेजमेंट सिस्टम से मधुपुर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण की गई। अभियंताओं की टीम के द्वारा ओएमएस मैनेजमेंट सिस्टम ट्रेन में बैठकर तकरीबन 110 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन चलाकर रेलवे ट्रैक का सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया । मौके पर सीनियर डीएन टू अमरीश मोहन ने कहा कि रेलवे ट्रैक की स्पीड की जांच सफलतापूर्वक की गई। जांच रिपोर्ट हेड क्वार्टर को सौंपा जाएगा । स्वीकृति मिलने के बाद ही मधुपुर गिरिडीह रेल मार्ग पर ट्रेन की स्पीड बढ़ाई जा सकती है । बताया जाता है कि यह मशीन कंपन उत्पन्न कर रेलवे की लाइन कहां कमजोर है इसका पता लगा सकती है। इसी मशीन के जरिए रेलवे ट्रैक का जांच किया गया ।

बताया जाता है कि मधुपुर गिरीडीह रेल मार्ग पर ट्रेन की स्पीड बढ़ाने के लिए रेलवे ट्रैक और स्लीपर को बदला गया है । काम पूरा होने के बाद रेल अभियंताओं ने ट्रक की मशीन के द्वारा जांच हर काम पूरा कर लिया है । बताया जाता है पुराने रेलवे ट्रैक और स्लीपर पर ट्रेन चल रही थी । जिसके कारण ट्रेन की स्पीड बढ़ा या नहीं जा सकता था । कारण कि अब मधुपुर महेशमुंडा, नई गिरिडीह, कोडरमा होकर कई चलाने की योजना रेलवे की है।

## ख़ास ख़बर

### केन्द्र एवम राज्य सरकार की संचालित जनजातीय योजनाओं के कार्यान्वयन पर किशनगंज में समीक्षात्मक बैठक



**किशनगंज 6 जुलाई (अली रजा)/** अध्यक्ष श्री शंभू कुमार सुमन, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, बिहार की अध्यक्षता में केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा संचालित जनजातीय योजनाओं के कार्यान्वयन पर समीक्षात्मक बैठक रचना भवन,डीआरडीए में आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में अनुसूचित जनजाति के लाभुको के विभिन्न प्रकार के बंदोबस्त भूमि की बेदखली एवं ऑपरेशन भूमि दखल-दिहानी योजना के कार्यान्वयन एवं भूमि विवाद से संबंधित विभिन्न स्तर के मुकदमों पर लाभ पहुंचाने संबंधी समस्याओं पर सभी अंचल अधिकारी/राजस्व पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। साथ ही, बंदोबस्त भूमि की अवैध बिक्री जमाबंदी के निरस्तीकरण संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। सभी अंचलाधिकारी को अनुसूचित जनजाति के लोगो को जमीन से संबंधित भूमि का दखल दिलाने का निर्देश दिया गया ।अन्य विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्त्ता अनुज कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी संदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमिताभ कुमार गुप्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, डीपीओ/आईसीडीएस, महाप्रबंधक, उद्योग विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी सीडीपीओ एवं पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे।

### बोल बम सेवा समिति द्वारा मिर्जापुर गांव में भंडारा आयोजित




**सिकन्दरपुर,बलिया।**सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में बुधवार को बोल बम सेवा समिति द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारम्भ पूर्व विधायक संजय यादव एवं नगर पंचायत सिकन्दरपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर समारोह के साथ किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक पुनीत कार्य है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी ग्राम सभा मिर्जापुर में बोल बम सेवा समिति द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया है जिसमें हजारो श्रद्धाजलुओ ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।आगे कहा कि बोल बम सेवा समिति के स्वयंसेवक कांवरियों की सेवा के लिए हर तरह की सेवाएं देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त रहेगी।इस अवसर पर बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ,विनोद शंकर गुप्ता, जय राम पाण्डेय, ओमप्रकाश यादव ,शोभन राजभर ,आकाश तिवारी ,अभिषेक चौबे सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

### धार्मिक व सामाजिक सराहनीय कार्यो के लिए सम्मानित हुए अररिया लोकसभा मीडिया के संयोजक किमी आनंद



**जोगबनी ।**जोगबनी नगर परिषद के वार्ड नं 17 निरपुर के हनुमानजी मंदिर में भव्य 48 घंटे का अखंड संकीर्तन का आयोजन संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रख्यात कलाकारों द्वारा की गई प्रस्तुति देखने लायक थी इस भव्य आयोजन में लोकसभा मीडिया संयोजक सह मिडिया प्रभारी किमी आनंद जी , मंडल अध्यक्ष अरविंद साह ,मंडल उपाध्यक्ष कुन्दन पौदार , दिवाकर दुबे महामंत्री, पवन यादव, प्रदीप साह नगर कार्यवाह आर एस एस, राज मंडल मंडल उपाध्यक्ष, आयूष झा मंडल उपाध्यक्ष, आकाश राय आई टी सेल अध्यक्ष , रितिक जैसवाल आई टी सेल उपाध्यक्ष, राकेश पासवान, आदि ने अष्टियाम में हिस्सा लिया और फिर स्थानीय लोगों व मंदिर कमिटी के अध्यक्ष लाल सिंह तोमर व मंदिर के कार्यकर्ताओं के द्वारा किमी आनंद जी के द्वारा किए गए धार्मिक व सामाजिक सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें गमछा दे कर सम्मानित किया गया।

# जिलाधिकारी ने मंडल कारा किशनगंज का किया निरीक्षण, कैदियों और उनके मुलाकातियों की सुविधा का किया अवलोकन,दिए कई निदेश



**किशनगंज,06 जुलाई। (अली रजा)**/जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा मंडल कारा,किशनगंज का निरीक्षण किया गया है। कारा में बंदियों की समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली गई। उनके द्वारा अधीक्षक,मंडल कारा से कैदियों के ससमय आहार ,पेयजल, चिकित्सा और मनोरंजन व अन्य समस्याओं को लेकर पूछताछ कर आवश्यक निर्देश दिया गया।कई बंदियों से डीएम ने स्वयं बातचीत भी किया। विशेषकर महिला वार्ड में संसीमित कैदियों से फीडबैक भी लिया। बता दे कि डीएम श्री शास्त्री अपराह्न 04ः00 बजे मंडल कारा पहुंचे। कारा पहुंचते समय डीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंडल कारा में भ्रमण कर संसीमित बंदियों के विभिन्न वार्ड में उनके आवासन की व्यवस्था, पेयजल, मनोरंजन, फोन करने हेतु बूथों की संख्या, शौचालय में साफ सफाई एवं अन्य उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था को देखा। डीएम ने मंडल कारा में निर्माण हो रहे कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा में बैरक निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया गया। मंडल कारा के भीतरी परिसर में पेरीमिटर से सटे सड़क निर्माण में हो रहे विलंब पर खेद प्रकट कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने काराधीक्षक,रंजीत कुमार को कैदियों की असुविधाओं को कम करते हुए जेल मैनुअल के हिसाब से पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कैदियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों के अनुश्रवण कर वर्जित सामग्रियों के प्रवेश पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के समय कारा और कैदियों की व्यवस्थाओं से जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे।

**(मंडल कारा में हो रहे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण,गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निदेश)**

निर्माण कार्य,कैदियों की सुविधाओ के अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कारा के अंदर और बाहरी परिसर में साफ सफाई,सुरक्षा के दृष्टिकोण से कक्षपालो की ड्यूटी, समय- समय पर सेफ्टी मॉनिटरिंग हेतु निर्देश दिया है। जिलाधिकारी द्वारा कैदियों को उनके परिजनों से बातचीत कराने के लिए मंडल कारा के अंदर लगाए गए बूथों एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम का भी मुआयना किया गया।

बूथ और वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम दुरुस्त पाया गया। परंतु टेलीफोन बूथ पर बात नहीं हो रही रही, बीएसएनएल/विभाग से समन्वय कर इसे ठीक करवाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मंडल काराधीक्षक रंजीत कुमार, प्रभारी उपाधीक्षण मनोज कुमार सिंह व अन्य मंडल कारा कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिंहा के अध्यक्षता में जन्म मृत्यु निबंधन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न





**हज़ारीबाग**-सदर प्रखंड के सभाकक्ष में बृहस्पतिवार को प्रखण्ड विकास अधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा के अध्यक्षता में जन्म मृत्यु पंजीकरण से संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि जन्म-मृत्यु निबंधन एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके माध्यम से जनसंख्या एवं अन्य योजना के लिए कार्य किया जाता है अतः ऐसे दस्तावेजों का सही रहना आवश्यक है।बैठक के दौरान प्रखण्ड में जनवरी से दिसंबर 2022 तक के जन्म निबंधन की प्रखंडवार समीक्षा की गई। बताया गया कि नगर परिषद व नगर पंचायत में प्रतिवेदनों का निबंधन करते हुए जन्म प्रमाण पत्र 520बनाया जा चुका है। वहीं जनवरी 2023 में कुल प्राप्त 200 प्रतिवेदन के आलोक में शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया है।

मृत्यु निबंधन की समीक्षा करते हुए पाया गया कि माह जनवरी से दिसंबर 2022 तक 130 मृत्यु निबंधन प्रतिवेदित का सीआरएस पोर्टल में ऑनलाइन मृत्यु निबंधन किया जा चुका है। वहीं माह जनवरी 2023 में 70 मृत्यु निबंधन प्रतिवेदित के आलोक में शत प्रतिशत निबंधन करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया है।बैठक में बताया कि जन्म- मृत्यु का पंजीकरण ऑनलाइन भी किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग नजदीकी पंचायत में जाकर पंचायत सचिव से निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं शहरी क्षेत्र में नगर परिषद-निगम में जाकर जन्म ङ्क मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोगों को फर्जी जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन से बचने की अपील की उन्होंने कहा कि केवल मान्यता प्राप्त कार्यालयों व कर्मियों के हाथों ही निबंधन कराएं अन्यथा ठगी का शिकार हो सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इस संबंध में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को पंचायत कार्यालय एवं संबंधित भीड़ भाड़ वाले स्थानों के बाहर इस उक्त प्रमाण पत्र के निबंधन के संबंध में समुचित जानकारी का दीवार लेखन करने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्ट्रेशन करवाने की महत्ता के बारे में जागरूक करने की भी बात कही।बैठक में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता, स्वास्थ्य प्रभारी अमरेश कुमार, सीडीपीओ, प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, स्वास्थ्य सहिया, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अजीत कुमार मेहता, प्रखंड के सभी पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## कटिहार जिला थाना बरारी के रहने वाले दो बच्चे का पानी डूबने से मोत



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरों चीफ/रूपेश मिश्रा/**बरारी थाना के जरलाही गाँव के रहने वाला दो युवक अपने घर के बगल के नदी में नहाने गए थे जिसमें से एक का नाम है.यशवंत कुमार यादव उम्र 8 वर्ष और ब्रजेश कुमार का उम्र 12 वर्ष दोनों साथ मिलकर नहाने गए लेकिन ज्यादा पाणि में चले जाने के कारण दोनों का डूबने से मोत, हो गया तत्काल इस घटना का खबर परिजनों को चला परिजन के द्वारा थाना पुलिस को खबर दिया गया और परिजन ने दोनों का बॉडी को पानी से छांक बाहर निकाला परिजनों के द्वारा बरारी बिधायक विजय सिंह को खबर किया और विधायक घटना स्थल पर पहुँचे और वही बरारी के अंचल अधिकारी को खबर सभी घटना स्थल पर पहुंचे वहीं बरारी, पुलिस ने दोनों बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद कटिहार पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही परिवार में काफी रोना चालू हो गया सभी परिवार के बीच विधयक नीरज सिंह सभी को आपदा राहत कोस से जो भी उचित मुआवजा मिलना उसके लिए उन्होंने परिजन को आश्वासन दिए यथा शीघ्र दिलाया जाएगा विधायक भी दोनों बच्चे का पोस्टमार्टम अपने सामने में रहकर परिजन के साथ रहकर करवाए अपने प्रखंड के विधायक का नैतिकता देखने को मिला.

## कुंडहित पहुंचा चापाकल मरम्मति का पाइप,अब होगी चापाकलों की मरम्मत

**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित/ जामताड़ा/**गुरुवार को कुंडहित प्रखंड के सभी पंचायतों में चापाकल मरम्मति का पाइप पहुंचा दिया गया।अब चापाकलों की मरम्मति शुरू हो जाएगी। बता दें कि 2 महीना पहले तपती जलती गर्मी में प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर गांव में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण चापाकल पानी देना बंद कर दिया था। कुछ चापाकलों में पाइप लीकेज की समस्या होने के कारण लोगों को चापाकल से पानी मिलना मुश्किल हो रहा था। गुरुवार को 15 वें वित्त की राशि से अंम्बा कंस्ट्रक्शन द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में 96 पाइप एवं रड प्रति पंचायत मुहैया करा दिया गया।इस दौरान प्रखंड पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक अनूप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जो पाइप आपूर्ति किया गया है वह प्रति पाइप 8 किलो ग्राम 500 ग्राम एवं प्रति रड लगभग 3 किलोग्राम वजन के एवं अच्छे गुणवत्ता वाले हैं। जो काफी दिनों तक इस्तेमाल किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार गर्मियों के दिनों में अधिकतर गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ था पंचायतों में देर से ही सही गुणवत्तापूर्ण पाइप पहुंचने से लोगों में आशा जगी है कि अब खराब चापाकल ठीक हो जाएंगे। लोगों को पूर्व की तरह शुद्ध पेयजल मिलने लगेंगे। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के प्रखंड समन्वयक रफीक हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि हर पंचायत में लगभग 25 से 30 चापाकल खराब रहने की सूचना मिला था। पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा कुछ चापाकल को ठीक कराया गया है। शेष बचे चापाकल को 15 वें वित्त आयोग की राशि से मरम्मत कराया जाएगा।

## डीआरएम ने किया जयनगर स्टेशन का निरीक्षण,दिए कई दिशा निर्देश



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/**समस्तीपूर के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम आलोक अग्रवाल ने गुरूवार को अधिकारियों की टीम के साथ जयनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। डीआरम के द्वारा स्टेशन परिसर और परिसर स्थित संयुक्त क्रुलॉबी, रर्निंग रूम, विभिन्न प्लेटफॉर्म, पार्सल घर कार्यालय फूड रेस्टुरेंट काउंटर,पे एंड यूज शौचालय, अधीक्षक कक्ष, टिकट काउंटर, महिला पुरुष यात्रियों के प्रतीक्षालय, वाहन स्टैंड, प्लेटफार्म पर निर्माण हो रहे लिफ्ट स्थलों, रेल अधिकारियों और कर्मियों के विश्राम गृह, वाशिंग पिट, आरपीएफ पोस्ट, सीडीटीवी कक्ष, एस. एस. ई. सिग्नल और एम .टी.सी.डाटा लॉगर पी.सी.कक्ष कार्यलय,रिले कक्ष, कोचिंग कॉम्प्लेक्स, यार्ड, सेटिंग लाईन सिक लाईन, ओवरब्रिज समेत स्टेशन परिसर स्थित विभिन्न क्षेत्रों का निरक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य व्यवस्था को विशेष तौर पर सुव्यवस्थित बनाए रखने निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने आरपीएफ की टीम की ओर से लगातार रेल यात्रियों के सहायतार्थ व सुरक्षात्मक कार्य के अलावे रेल अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को सराहा। उन्होंने आरपीएफ के अधिकारी व जवानों को हमेशा रेल यात्रियों की सुविधा के अलावे रेल सम्पत्ति की सुरक्षा के साथ ही रेल अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की गति की तीव्रता बनाये रखने को कहा

**विवाद** | पत्नी बंदना देवी ने मिलकर पिता की गला और हाइड्रोसील दबाकर हत्या कर दिया

# कटिहार के रौनिया गांव में पैसे के विवाद में पुत्र ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पिता का हत्या किया, पैसे को लेकर हुआ था विवाद



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**बरारी थाना क्षेत्र के रौनिया गांव में हुए इस घटना के बारे में मृतक सुभाष चंद्र यादव पुत्र इंद्रजीत कुमार यादव ने बताया कि उनके पिता होमगार्ड के जवान है और नगर थाना में कार्यरत थे। उनके पिता छुट्टी में घर आए हुए थे। जहां उनके मझले भाई सुजीत कुमार और उनकी पत्नी बंदना देवी ने मिलकर उनके पिता की गला और हाइड्रोसील दबाकर हत्या कर दिया। हत्या करने के कारणों के बारे में पूछने पर इंद्रजीत ने बताया कि उनके मझले भाई ने 2 साल पहले पिता को रोटावेटर खरीदने के लिए एक लाख रुपए दिए थे और 2 साल के बाद उनके मझले भाई ने शुद्ध जोड़कर उसका 4 लाख रुपए बना दिया और अपने पिता से वह पैसे मांग रहे थे। जिसे लेकर पंचायत भी बिठाई गई यहां पंचायत में उनके पिता ने पुत्र को पैसे लौटाने के लिए कुछ समय मांगा। लेकिन उनका पुत्र उसी समय पैसे देने की मांग कर रहा था। सभी लोग घर चले आए और घर पर भी पैसे देने को लेकर पिता पुत्र में खूब विवाद उत्पन्न हो गया इस दौरान पुत्र ने लाठी डंडा उठाकर पिता पर ही हमला बोल दिया। जब पिता ने इसका विरोध किया तो पुत्र ने गला दबाया और उनकी पत्नी बंदना देवी ने ससुर का हाइड्रोसील दबाया। थोड़ी देर बाद 50 वर्षीय सुभाष चंद्र यादव की मौत हो गई। वह इस घटना को देखने के बाद अन्य पुत्रो के द्वारा सुभाष चंद्र यादव को उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। लेकिन चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## समर कैम्प में जिले के 50 बच्चों ने सीखी भाषा और गणित, जिले के सभी मिडिल स्कूलों में 01जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया गया था समर कैंप



**अररिया ।**जिले के सरकारी स्कूलों के छठी व सातवीं कक्षा के 50 हजार बच्चे अपनी कक्षा के अनुरूप भाषा एवं गणित में दक्ष हो गए हैं।यह दक्षता बच्चों ने समर कैंप में हासिल की है। जिले के सभी मिडिल स्कूलों में 01 जुलाई से चल रहे समर कैंप का 30 जुलाई को समापन हो गया। समर कैंप का आयोजन प्रथम संस्था के सहयोग से किया गया। इनमें जन शिक्षा निदेशालय, डाइट, बिहार कौशल विकास मिशन, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, जीविका से जुड़े चार हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने छठी व सातवीं कक्षा के तकरीबन 50 हजार छात्र-छात्राओं को समर कैंप में भाषा और गणित में दक्ष बनाने का काम किया।बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय ककुड़वा में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित कर जिले के 18 स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शामिल हुए।स्वयंसेवको का हौसला बढ़ाते हुए डीईओ राज कुमार ने कहा कि समर कैम्प में स्वयं सेवको,शिक्षा सेवकों का योगदान प्रभावी रहा और भीषण गर्मी में छुट्टी में प्रतिदिन 2 घंटे का कक्षा संचालन कर बच्चो के शैक्षिक स्तर में सुधार किया यह सराहनीय है।डीईओ ने सभी स्वयं सेवको को विपरीत मौसम के बावजूद कक्षा संचालन के लिए धन्यवाद दिया साथ ही आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार और डीपीओ साक्षरता राशिद नवाज ने समर कैंप के बेहतर संचालन के लिए सभी स्वयंसेवक व शिक्षासेवक की प्रशंसा करते हुए कैम्प के सफल संचालन के लिए विशेष रूप से बधाई दी।उन्होंने कहा कि समर कैंप को सफल बनाने वाले सभी शिक्षासेवक ,वीटी एवं अन्य लोगों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।समारोह में प्रथम के डीआरजी कृष्णा कुमार, साक्षरता के एसआरपी सीके लालू,पूर्व एसआरपी कमर आलम,प्रथम संस्था की बीआरजी चांदनी कुमारी ने समर कैम्प के अनुभव को साझा किया।इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक जनून मिसरी ने शिक्षा सेवकों व स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।

**सम्मान समारोह आयोजित कर18 स्वयंसेवक को दिया गया प्रशस्ति पत्र**

# ख़ास ख़बर

## बरहेट निवासी महिला के साथ 2 लोगों ने किया दुष्कर्म, मेडिकल जांच के लिए लाई गई सदर अस्पताल

**साहिबगंज**–बरहेट थाना क्षेत्र के रक्सो पंचकठिया बाजार की रहने वाली महिला के साथ 2 लोगों ने उसके ही घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। जहां इस घटना को लेकर पीड़िता महिला के द्वारा बरहेट थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। जहां पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता महिला का मेडिकल जांच कराने के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इस घटना को लेकर पीड़िता महिला ने बताया कि बीते दिनों जब वह अपने घर पर शाम के समय अकेली थी तो उसके ही रिश्तेदार के 2 लोग घर आए और घर में उसे अकेला पाकर उसके साथ जोर जबस्ती करते हुए दुष्कर्म करने लगे। वही महिला के द्वारा हो-हल्ला मचाने के बाद सभी आरोपी घर से भाग गए। जिसके बाद उन्होंने अपनी आपबीती अपने परिवार के लोगों को बताई तब जाकर बरहेट थाने में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। फिलहाल बरहेट पुलिस पीड़िता महिला का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने में जुटी हुई थी।

## आजसू पार्टी की विशेष बैठक आयोजित




**मंडरो**- प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत अम्माडीहा पंचायत में आजसू पार्टी की बैठक प्रखंड सचिव मोहम्मद तनवीर आलम के नेतृत्व में की गई। वही बैठक में मुख्य रुप से आजसू जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय उपस्थित हुए। वही बैठक में उपस्थित मंडरो प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आगामी 10 जुलाई को होने वाली जन पंचायत सभा जो पाकुड़ के पुलिस लाइन स्थित मैदान में होना तय है, जिसमें मुख्य रुप से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वही इस जन पंचायत सभा को सफल बनाने के लिए जिले के सभी पंचायतों से पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए सभी प्रखंडों में बैठक की जा रही है। वही बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव एवं जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष साहिबगंज शशिकांत दुबे, वकील मंडल, राज एवं जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी,राजकिशोर महतो, रामप्रवेश यादव, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद करीम खान, मोहम्मद फिरोज आलम, मोहम्मद सहीम, मोहम्मद कासिम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सड़क की बत्तर हालात, ग्रामीणों को हो रही है भारी समस्या



**उधवा**- प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी गांवों की हालत नहीं बदल रही है। वही लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, दियारा की सैकड़ो गांवों में अब भी यातायात योग्य अच्छी सड़क नहीं है, तो कही कही जलजमाव की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। वही दरअसल हम बात कर रहे है, प्रखंड मुख्यालय से महज 18 किमी दूर दक्षिण पूर्व की ओर पूर्वी प्राणपुर पंचायत के कई गांवो की जिसकी हालत आज भी बत्तर बनी हुई है, अगर हम बात करे यहां की सड़कों की तो इससे होकर चलने से आपको नानी याद आ जायेगी। वही जानकारी के अनुसार पूर्वी प्राणपुर के मोइनुद्दीन टोला (कतलामारी) के वार्ड नं 8 बदसू सेख के घर से वार्ड नं 9 ताहिर सेख के घर तक सड़क पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं, वही मोर्तुज टोला, तोबारक, हयात टोला आदि गांवों की सड़कों की हालात भी जर्जर अवस्था में है, जिससे होकर ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्रामीण ताहिर शेख, मनवारा बीबी, संवारा बीबी, खालिदा परवीन, अनामुल शेख, असिरुद्दीन शेख, मैमुल शेख, नजीर शेख, सोनाबान बीबी आदि ने बताया जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार इस तरह की सड़कों हालात को अनदेखा किया जा रहा है, इससे होकर हमारे बच्चे को स्कूल आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही लोगो ने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 का हुआ आयोजन



**साहिबगंज**- नेहरू युवा केंद्र की ओर से साहिबगंज महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न प्रकार के 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा एवं उपायुक्त रामनिवास यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार संतोष एवं नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन के द्वारा दीप प्रज्वलित करके तथा स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अमृत काल के पांच प्रण के ऊपर प्रकाश डाला एवं उसे पूरा करने के लिए सभी युवाओं से अपील की। इस जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 का विषय अमृत काल के पांच प्रण था जिसके ऊपर भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी, चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं इनामी राशि दी जाएगी। वही कार्यक्रम का विषय प्रवेश नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी डॉ. शुभम चंद्रन के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने आज होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं के स्वरूप तथा मूल्यांकन के प्रारूपों पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि इस जिलास्तरीय प्रतियोगिता में जो भी प्रतिभागी प्रथम स्थान को प्राप्त करेंगे वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में साहिबगंज जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं राज्य स्तर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उधर कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्री यादव एवं राजमहल विधायक अनंत ओझा को शॉल देकर सम्मानित भी किया गया एवं मोमेंटो भेंट किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश भर में युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है यह युवाओं को प्रेरित करने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का एक जरिया है। वही उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य है कि युवा अपनी एनर्जी देश, राज्य व जिले के विकास के लिए लगाएं। वही उन्होंने अनेकता में एकता पर बल देते हुए कहा कि आप सभी युवाओं को इस एकता को लेकर आगे बढ़ना है। वही उपायुक्त ने बताया कि हमारे संविधान में भी इसका उल्लेख है जबकि हम अलग अलग वर्ग, क्षेत्र भाषा से आते हैं परंतु हम सब भारतीय हैं और हर भारतीय को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपना कर्तव्य निभाना है इसी आशा के साथ युवाओं को देश देखता है। इस क्रम में उन्होंने युवाओं से कहा कि हमारे संविधान के अनुसार हम सभी को समता का अधिकार प्राप्त है। इस समता के अधिकार से देश का हर नागरिक जो 18 वर्ष का है उसे मतदान का अधिकार है यह अधिकार हम सभी का कर्तव्य है लेकिन यह कर्तव्य होने के साथ साथ एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर आता है। वही उन्होंने युवाओं से कहा कि अपने कर्तव्य एवं अपनी जिम्मेदारी को समझें और देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सहभागिता दें। उधर कार्यक्रम के दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी स्वयं के साथ साथ देश विकास के दिशा में भी कार्य करें। देश के प्रधानमंत्री के 5 रन के विषय में युवाओं को विस्तृत रूप से बताया एवं उनका अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया।

## 15 लाख का अवैध लॉटरी टिकट एवं मोबाईल के साथ एक गिरफ्तार



**राजमहल**- पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली की राधानगर थाना के अन्तर्गत हरेराम टोला उधवा में एक व्यक्ति पॉकेट में लॉटरी का टिकट लेकर किसी आदमी से मोबाईल पर बात कर रहा है। वही इस सूचना को थाना प्रभारी राधानगर राकेश कुमार के द्वारा वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुये एक छापामारी दल का गठन किया गया। वही छापामारी दल हरेराम टोला उवा पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर छिपने का प्रयास किया। वही उस व्यक्ति को पुलिस बल के द्वारा रोका गया और पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम मनीष कुमार, पिता नकुल रजक सा0- हरेराम टोला उधवा, थाना राधानगर, जिला साहेबगंज बताया। मौके पर उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से लॉटरी टिकट का बंडल बरामद हुआ और पूछताछ करने पर उसके द्वारा उसके सहयोगी का नाम कुन्दन कुमार, पिता सुरक साहा, सा0- हरेराम टोला उधवा, थाना राधानगर, जिला साहेबगंज, बताया गया। वही मनीष कुमार के निशानदेही पर कुन्दन कुमार के स्टोर रूम से लॉटरी टिकट के बंडल को बरामद किया गया, और जप्त सभी लॉटरी टिकट की अनुमानित मूल्य 15 लाख के करीब है, लॉटरी टिकट सार्वजनिक स्थान पर रखना एवं बेचना कानूनी अपराध है, जिसके कारण थाना प्रभारी राधानगर पु0अ0नि0 राकेश कुमार के स्वलिखित आवेदन पर राधानगर थाना कांड संख्या 84/2023 धारा 294ए/ 420/467/468 भावद0वि0 एवं 07 लॉटरी रेगुलेशन एक्ट 1998 के अन्तर्गत दर्ज किया गया है।

## सड़क सुरक्षा के प्रति लर्निंग लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों को किया गया जागरूक



**साहिबगंज**- उपायुक्त राम निवास यादव के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय द्वारा गुरुवार को डीएल, एवं एलएल, आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति काउंसलिंग एवं जागरूक किया गया। वही इस अवसर पर रोड सेफ्टी कर्मियों के द्वारा सभी एलएल, लर्निंग लाइसेंस एवं डीएल ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों को बताया गया की बिना हेलमेट एवं सीटबेल्ट के सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो रहा है एवं हेलमेट सीट बेल्ट के प्रयोग से दुर्घटना होने पर जीवन को बचाया जा सकता है। वही सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण क्या क्या होते हैं आप इन सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बच सकते हैं जबकि दुर्घटना स्थल पर आप कैसे लोगों की जान बचा सकते हैं। वही लोगों को नशे में गाड़ी ना चलाने हमेशा स्पीड ब्रेकर का ध्यान रखने वाहन की गति आदि के विषय में भी जागरूक किया गया। वही इस अवसर पर साइन बोर्ड एवं ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया

## आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने के मामले में जेएमएम ने मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन



**साहिबगंज**- बीते दिनों मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता प्रेम शुक्ला द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले पर गुरुवार को केंद्र कमेटी के दिशा निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में स्टेशन चौक पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। वही जिसमें जेएमएम कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए मध्य प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई। वही इसी दौरान जिला अध्यक्ष सावधान सारी ने बताया की भाजपा कार्यकर्ता प्रेम शुक्ला द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करना उनकी मानसिकता को दर्शाता है। वही इस कांड का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिस वीडियो को पूरे देश ने देखा है, और यहां पर बैठे भाजपा सरकार के नुमाइंदे तीन गंभीर विषयों में चुप्पी साधे हुए हैं।

# बालक को मिले अभिभावक 22 माह के बाद, बाल कल्याण समिति और बाल संरक्षण इकाई का प्रयास लाया रंग



**साहिबगंज**- पिछले 2 वर्षों से अपने परिवार से बिछड़े एक बालक जो मूलरुप से भागलपुर जिले का रहने वाला है। वही उसको उसके अभिभावक मौसी को सौंप दिया गया है, उसकी मौसी स्थानीय साहिबगंज प्रखंड के सकरीगली की निवासी है।

वही यह बालक 21 अगस्त 2021 को चाइल्डलाइन को प्राप्त हुआ था, और चाइल्डलाइन ने इसे बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया जहां से यह बालक स्थानीय बाल गृह में आवासीत था। वही वर्तमान समय में बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रयास से बालक के मौसी को संपर्क किया गया और उसके उपरांत सारी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बालक को उसके मौसी को सौंप दिया गया। वही अपने बहन के बेटे को पाकर गीता देवी के आंखों में खुशियों के आंसू थे।

वही उसने बताया की हमारी बहन मानसिक रूप से विचित्र थी जिसके कारण यह घटना हुआ और कहां गायब है नहीं पता, मैं उसके बेटे को अपने बेटे की तरह पालन पोषण करूंगी और अच्छी शिक्षा प्रदान करूंगी। वही बाल कल्याण समिति ने निर्देशित किया है की उसके अभिभावक को उसका नामांकन जल्द से जल्द विद्यालय में कराया जाए और इस बच्चे का फॉलोअप लगातार किया जाएगा।

वही यह बालक अपने अभिभावक से मिलकर बहुत खुश था, उसके आंखों में खुशियों के आंसू थे। वही इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की तरफ से बच्चे को खेल सामग्री प्रदान की गई, बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया की अपने परिवार से बिछड़े हुए बच्चों को मिलाना ही पहली प्राथमिकता है ऐसे बच्चों को और उसके अभिभावक को जो भी आवश्यकता होगी सरकार की हर योजना का लाभ दिलाया जाएगा। वही इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य सुधा कुमारी, दिनेश शर्मा बालगृह के काउंसलर रंजीत वर्मा उपस्थित थे।

## 15 दिनों से बिजली ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, ग्रामीणों ने नाराजगी जताई



**उधवा**- प्रखण क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के सज्जाद कठोरिया टोला गांव में ट्रांसफॉर्मर जलने से उपभोक्ताओं में परेशानी का आलम है।

वही दरअसल सज्जद कठोरिया टोला गांव में करीब 100 से ज्यादा परिवारों को बिजली सप्लाई करने वाला एक मात्र ट्रांसफार्मर विगत 15 दिनों से जल जाने से उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं नये ट्रांसफार्मर लगवाने को लेकर दरबदर भटक रहा है परंतु कोई सुन ही नहीं रहा है। वही उपभोक्ताओं ने बताया की हम लोग इतने परेशान है परंतु कोई जनप्रतिनिधि सुद तक नहीं लेती और विभाग भी मौन साधे बैठे हैं, हमलोग करें तो क्या करें, आखिर कौन होगा हमारे रहनुमा। वही ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मी से ट्रांसफार्मर जलने की समास्या से अवगत कराया है लेकिन बिजली विभाग के कर्मी अब तक कोई पहल नहीं किया है।

**क्या कहते कांग्रेस युवा नेता**–इस संबंध में कांग्रेस युवा नेता ताहुत रेज़ा उर्फ मिस्टर ने बताया की बहुत पुराना ट्रांसफार्मर एवं तार होने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया है। वही जिससे गांव में बिजली की समास्या उत्पन्न हो गई है, एक दो दिन करते करते 15 दिन बीत गए परंतु विभाग मौन साधे बैठे हुए है जबकि अवैध वसूली करने की मन बनाकर कभी कभी क्षेत्र में पहूंच कर भोले भाले जनता से बिजली चोरी के नाम पर हजारों रुपए वसूल लेते हैं। वही आगे बताया की हमने दूरभाष की माध्यम से स्कुटी इंजीनियर राजकुमार से वार्तालाप किया तो बताया की फिलहाल ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं है, लेकिन आधे महीने गुजर जाने के बाद भी उपलब्ध नहीं हो पाया, अगर अब भी विभाग इस पर पहल करते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं करवाते है तो हम सभी उपभोक्ताओं विभाग के विरुद्ध उग्र आंदोलन करेंगे।

**क्या कहते जे ई**–इस संबंध में कनीय अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है। वही आपके माध्यम से ही जानकारी मिला, मिस्त्री को भेजते हैं। वही देखने के बाद जैसा होगा किया जाएगा।

सुनवाई

अवैध खनन को लेकर तीन करोड़ चौबीस लाख रुपए का भारी भरकम जुर्माना भी लगाया है

# भाजपा नेता बजरंगी यादव के अग्रिम जमानत पर अब 18 जुलाई को होगी सुनवाई, मामला अवैध खनन व परिवहन का



**साहिबगंज**- भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी बजरंगी प्रसाद यादव पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी राहुल जी आनंद जी द्वारा अवैध खनन व परिवहन को लेकर बोरियो जिरवाबाड़ी ओपी थाना में दर्ज कांड संख्या 162/23 में संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए दायर अग्रिम जमानत याचिका पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने आंशिक सुनवाई करते हुए अनुसंधानकर्ता से केस डायरी की मांग करते हुए 18 जुलाई को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

यहाँ आपको बता दें कि बीते दिनों भाजपा नेता बजरंगी प्रसाद यादव द्वारा मंडरो अंचल के महादेवगंज अन्तर्गत मौजा डेम्बा में बंद पड़े खदान में किसी भी सक्षम पदाधिकारी के आदेश के बिना अवैध खनन व परिवहन किया जा रहा था जिसे जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्य सदर अनुमंडल पदाधिकारी व जिला खनन पदाधिकारी विभुति कुमार ने औचक निरीक्षण के दौरान पकड़ा था।

वही निरीक्षण के दौरान वैसे पोकलेन व हाईवा गाड़ी का उपयोग होते हुए पाया जिसे विधिवत जब्त किया हुआ था। उधर हाई प्रोफाइल मामला होने के चलते भाजपा नेता बजरंगी यादव पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से पुलिस रेस हो गई है फिलहाल बजरंगी यादव ने अपनी संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के समक्ष अपने अधिवक्ता संजय कुमार के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।

विदित हो की बीते दिनों बजरंगी यादव पर ज़िले के उपायुक्त रामनिवास यादव ने अवैध खनन को लेकर तीन करोड़ चौबीस लाख रुपए का भारी भरकम जुर्माना भी लगाया है।

साथ ही साथ झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी बजरंगी यादव पर चौहत्तर लाख रुपए का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुर्माना लगाया है। वही इस प्रकार के आपराधिक मामला दर्ज होने से इनके राजनीतिक सामाजिक शाख पर धब्बा लगा है जिसको लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है।

अब देखना है कि बजरंगी यादव इस दाग को कितना धो सकते हैं। इधर अब सब की नजरें बजरंगी यादव के अग्रिम जमानत पर टिक गई है की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर होता है या फिर बजरंगी यादव को हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाना पड़ सकता है।

# पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को पीश एमश एलश एश कोर्ट में किया गया पेश, ईडी को मिली 5 दिनों की रिमांड



**साहिबगंज**- 1000 करोड़ के अवैध खनन केस में गिरफ्तार साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को रांची पीश एमश एलश एश ( प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। वही इस दौरान ईडी की ओर से कृष्णा सहा से पूछताछ के लिए 7 दिनों की रिमांड का आवेदन दिया गया, वही कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड अवधि की स्वीकृति दी गई है।झारखंड में संताल परगना में 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बुधवार को पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार कर लिया था। वही अवैध खनन मामले में चार आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। पूर्व में गिरफ्तार तीन आरोपितों में पंकज मिश्रा, पंकज मिश्रा का खास सहयोगी बच्चू यादव व प्रेम प्रकाश शामिल हैं। वही प्रेम प्रकाश नेताओं व नौकरशाहों का करीबी है, जिसे पिछले वर्ष ईडी ने गिरफ्तार किया था। वही ईडी ने कृष्णा साहा के खदान में पिछले हफ्ते दो मजदूरों की मौत मामले को भी अपने केस में जोड़ लिया है, अब साहिबगंज पुलिस के अलावा ईडी भी पूरे मामले की जांच मनी लांड्रिंग के तहत भी करेगी। वही बता दें की ईडी ने बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद कृष्णा साहा को देर शाम गिरफ्तार किया था, एक जुलाई को कृष्णा साहा को ईडी ने समन भेजकर रांची स्थित जोनल कार्यालय में पांच जुलाई को उपस्थित होने को कहा था, वही साहिबगंज जिले के पतना अंचल क्षेत्र के चपांडे पहाड़ में 30 जून की रात अवैध खनन के दौरान दो मजदूरों की मौत मामले में रंगा थाने में पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## ख़ास ख़बर

### संगठन निर्माण के लिए आम आदमी पार्टी की मीटिंग का आयोजन हुआ





**दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा /राजस्थान/**आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करने के लिए मीटिंग का आयोजनअणतपुरा (जोबनेर ।) निजी होटल गोविंदगढ़ में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि पंजाब के सतीश सिंगला एवं विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष झाबर सिंह खीचड़ सुभाष नागपाल एवं अध्यक्ष बृजेश चरणजीत सिंह सरदार जय एस बुधराम बाबा उपस्थित रहे और चोमू के ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर सिंह सामोता एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे श्री सतीश जी ने बताया कि अरविंद केजरीवाल की विचारधारा से सभी वर्गों का विकास हुआ है आज दिल्ली के मॉडल पर पंजाब में 30000 सरकारी नौकरियां दी गई 14000 से अधिक लोगों को स्थाई नौकरी पर लगाया गया और लोगों को बिजली-पानी चिकित्सा एवं देश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है अतः हमें राजस्थान में भी इसी तर्ज पर कार्य करने की आवश्यकता है गांव की एक कमेटी बनाई जाएगी जो गांव में अरविंद केजरीवाल की विचारधारा का प्रचार प्रसार करेगी इस कार्यक्रम के दौरान हेमंत कुमावत जितेंद्र स्वामी प्रभात बराला ओम प्रकाश शर्मा महेंद्र खुटेटा दिलकुश शर्मा दिनेश जाट ओम प्रकाश चौधरी अर्जुन प्रजापत राकेश कुमावत इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस दौरान मंच का संचालन सीकर लोकसभा सचिव कालूराम अग्रवाल एवं पुष्कर सिंह सामोता ने किया।

### पूर्व विधायक ओटाराम जी देवासी का आज मावली आगमन पर भव्य स्वागत





**दैनिक शुभ भास्कर /जमनेश आमेटा/राजस्थान /उदयपुर /मावली/**पूर्व विधायक ओटाराम जी देवासी का आज मावली आगमन पर भव्य स्वागत रेबारी समाज व मावली भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा फूलों की बारिश के साथ स्वागत किया गया यह बारिश समाज के नेता राम जी रेबारी गुर्जर समाज जिला अध्यक्ष रामेश्वर जी गुर्जर साथ में नटवर जी गादोली पूर्व सरपंच जगदीश चंद्र विजयवर्गीय सरपंच गणपत नाथ जीचौहान उपसरपंच तोब रेबारी रेबारी आसपास गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित

# रेशम भवन में लगेगा 10 दिवसीय खादी मेला, उद्योग मंत्री करेंगे उद्घाटन








**भागलपुर,** बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा भागलपुर के जीरोमाइल स्थित रेशम भवन में 10 दिवसीय खादी मेला एवं उद्यमी बाजार लगाया जा रहा है जिसका उद्घाटन बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ 7 जुलाई को सुबह 10:00 बजे करेंगे। मेला में पूरे राज्य की खादी संस्थाओं और रेशम संस्थाओं को भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, पीएमईजीपी और पीएमएफएमई, हस्तशिल्प क्षेत्र, हथकरघा क्षेत्र आदि के उद्यमी भी मेला में शिरकत करेंगे। मेला में लगभग 100 स्टॉलों की व्यवस्था होगी।

बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि मेला अवधि में सरकार की विभिन्न योजनाओं पर कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा तथा बैंकिंग एवं मार्केटिंग पर उद्यमियों को गाइड किया जाएगा।

मेला में लोगों को खादी और हैंडलूम के सामानों के साथ-साथ मधुबनी पेंटिंग मंजूषा पेंटिंग टिकुली कला, टेराकोटा शादी के सामान की खरीदारी के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।युवाओं को रोजगार के लिए कृत संकल्पित है राज्य सरकार ,चक्रपाणि बेरोजगार को रोजगार दिलाना है सरकार की पहली प्राथमिकता है सरकार युवाओं के लिए प्रदेश स्तर पर नियोजन मेला लगा रही है भागलपुर सांसद अजय मंडल श्रम संसाधन विभाग के द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला की गई आयोजित जिसमें नियोजक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अवर प्रादेशिक नियोजनालय भागलपुर द्वारा दो दिवसीय नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला 2023 का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ,भागलपुर के सांसद श्री अजय मंडल एवम श्रम संसाधन के डायरेक्टर भरत जी राम संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया कार्यक्रम में कौशल युवा केंद्र के छात्रों के द्वारा स्वागत गान गाकर माला एवम बुके देकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया नियोजन मेला में निजी क्षेत्र की 36 कंपनियां ने अपनी सहभागिता दर्ज की जो अलग-अलग क्षेत्रों में कुल मिलाकर 4293 रोजगार के लिए अवसर उपलब्ध कराएंगे इस नियोजन मेले का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न सरकारी विभागों विशेषज्ञ संस्थानों आदि के माध्यम से व्यवसायिक मार्गदर्शन कौशल उन्नयन एवं लाभकारी योजनाओं से परिचय और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है

कार्यक्रम का उद्घाटन बाल श्रम आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु के द्वारा किया गया संबोधन के दौरान डॉ चक्रपाणि हिमांशु के द्वारा कहा गया सरकार की पहली प्राथमिकता बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना एवं सभी शिक्षित व्यक्तियों को समाज में शिक्षा के प्रति जागरूक करना है, भागलपुर के सांसद अजय मंडल के द्वारा कहा गया कि सरकार रोजगार के प्रति चिंतित है एवम सरकार युवाओं को रोजगार के लिए रोजगार मेला आयोजित कर रही है कार्यक्रम के दौरान श्रम संसाधन विभाग के डायरेक्टर भरत जी राम, लेबर कमिश्नर आदित्य राज हंस जी और लेबर सुपरिटेंडेंट विनोद प्रसाद जी असिस्टेंट लेबर कमिश्नर मोहम्मद आफताब आलम जी एवं हजारों छात्र राय छात्राएं उपस्थित थे

### नगर पंचायत के चेयरमैन द्वारा नारियल फोड़ कर आर सी सी नाला का कार्य शुभारंभ किया





**बौसी/**नगर पंचायत बौसी में लगातार सभी वार्ड में काम तेजी से किया जा रहा है वही गुरुवार को नंबर 13 मधुसूदन मंदिर के बगल मे नगर पंचायत के चेयरमैन द्वारा नारियल फोड़ कर आर सी सी नाला का कार्य शुभारंभ किया, नगर पंचायत के अध्यक्ष कोमल भारती ने बताया की जिस विश्वास पर जनता ने मुझे वोट देकर जीत हासिल कराई है उस विश्वास को कायम रखने में हमारी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी जहां जहां नाला रोड की कमी होगी वहां वहां रोड नाला का निर्माण कराया जाएगा साथ ही कई जगह तो रोड नाला बनकर कंप्लीट भी हो चुका है वही आज गुरुवार की सुबह भगवान मधुसूदन मंदिर के पास से मुख्य नाला के निर्माण कार चालू कर दिया गया है बनने से बरसों से आ रही समस्या का हुआ समाधान, और आने वाले समय में नगर पंचायत बौंसी में जो भी महत्वपूर्ण कार्य होगा उसे हर संभव पुरा किया जायेगा, मौके पर वार्ड पार्षद अजय साह, नगरवासी- सूरज कुमार, आशु झा, राहुल झा, निप्पु झा,अमरेश एवम अन्य उपस्थित थे।

### जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद में पांच घायल





**दिनहाटा/**घटना के विवरण के अनुसार, दिनहाटा पेटला के पंच कन्या इलाके में जमीन को लेकर झड़प हुई.घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर निवासी दिनहाटा महाकुमा अस्पताल भागते हैं। निवासियों ने बताया कि बोशा की शुरुआत एक ही परिवार के दो भाइयों के बीच भूमि विवाद से हुई। बाद की गोलियों में दो अन्य घायल हो गए, जिनकी कुल संख्या पांच हो गई। लेकिन आबेद अली, अमीना बीबी, लिपि बीबी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये.आबेद अली की बेटी मीनू बीबी ने कहा कि चाचा हमारी जमीन को लेकर काफी दिनों से परेशान कर रहे थे. अस्पताल में भर्ती कराया गया. लेकिन मुझे नहीं पता कि उनका कारण क्या था क्योंकि मैं अपने पति के घर पर थी। वहां से मुझे पता चला कि मेरे पिता और मां के परिवार के लोग प्रभावित हैं.जैसे ही मैंने सुना, मैं अस्पताल पहुंचा। घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई। हालांकि, पुलिस घटना की जांच शुरू कर चुकी है. आबेद अली भाई ने कहा कि मुझे विवाद के बारे में कुछ नहीं पता. घटना के वक्त मैं घर पर नहीं था. मेरा परिवार और दादाजी का परिवार अशांति के कारण अस्पताल में हैं।

### सड़क हादसे में 1 की मौत व 1 घायल






**साहिबगंज-** बोरियो थाना क्षेत्र के पीरदरगाह व दुर्गा टोला के बीच में सड़क दुर्घटना में नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला के रहने वाले पप्पू दास पिता जामुन दास की मौत हो गई।

वही सकरोगढ़ के रहने वाले शिबू कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि दोनों ही व्यक्ति अहले सुबह एक ही बाइक पर सवार होकर बरहेट थाना क्षेत्र के शिवगादी मंदिर परिसर में श्रावण मास के अवसर पर दुकान लगाने के लिए जगह देखने के लिए गए हुए थे। जहां से लौटने के क्रम में पीर दरगाह व दुर्गा टोला के बीच में सामने से आ रही दूसरी गाड़ी से बचने के कारण बाइक सड़क से नीचे मिट्टी में चली गई जिसके कारण बाइक असंतुलित हो गई और यह हादसा हो गया। उधर मृतक के शव को साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया एवं घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी पुष्पा देवी, दो पुत्री व तीन बेटे को अकेला छोड़ कर इस दुनिया से चल बसा है। वहीं मृतक के परिवार के सभी लोगों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद पूरे दल बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए थे एवं घटना की जानकारी बोरियो थाना को देते हुए घटनास्थल से बाइक को बरामद करने का निर्देश बोरियो थाना प्रभारी को दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

**बरसात** सड़क पर जल जमा होने के कारण कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं

# थोड़ी सी बरसात से सड़क पर जलजमाव की समस्या से ग्रामीण परेशान, कर रहे हैं त्राहिमाम त्राहिमाम





**संवाददाता राजमणि पांडे/** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत के मानपुर आजाद चौक के पास जो कि मानपुर होते हुए प्रखंड मुख्यालय जाने का मुख्य मार्ग है पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पहेली एवं हल्की बरसात से ही मानपुर मुख्य पथ लबालब पानी से भरकर तालाब में तब्दील हो गया! जिससे ग्रामीणों वहां के स्थानीय दुकानदारों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सड़क पर जल जमा होने के कारण कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं यह मुख्य पथ प्रखंड मुख्यालय ,थाना एवं मार्केट को जोड़ता है, अगले वर्ष भी मानपुर मुख्य पथ पर जलजमाव होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मिलकर भी इसका समुचित निराकरण नहीं निकाल सके और आज के समय में भी थोड़ी सी बरसात में सड़क की स्थिति नदारद हो जाती है! वहीं राहगीरों एवं स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों ने विभाग एवं अधिकारी से सड़क पर जलजमाव की समस्या से छुटकारा दिलाने हेतु आग्रह किया स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर जलजमाव होने से ग्राहक इस मार्ग से नहीं गुजरते हैं जिससे हम लोगों की दुकानदारी भी प्रभावित होता है वही दो चकिया वाहन चालकों ने कहा कि सड़क जलजमाव के कारण स्पष्ट रूप से दिखता नहीं है और हमेशा दुर्घटना एवं गिरने का डर बना रहता है प्रत्येक दिन इस मुख्य मार्ग से हजारों लोग प्रखंड मुख्यालय एवं थाना की ओर सफर करते हैं विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि और नेता जी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं लेकिन शायद किसी को परवाह नहीं थोड़ी सी बरसात बन जाता है आफत और इस आफत से ग्रामीण त्राहि-त्राहि करने लगते हैं

### शादी का झांसा देकर युवक बनाता रहा यौन संबंध, पीड़िता युवती ने राजमहल थाने में कराई शिकायत दर्ज




**साहिबगंज-** राजमहल थाना क्षेत्र निवासी युवती के साथ राधानगर थाना क्षेत्र के प्राणपुर के रहने वाले शमीम अख्तर नामक युवक ने शादी का झांसा देकर कई महीनों तक यौन संबंध बनाता रहा। वही जब युवती ने अपनी शादी की बात उक्त युवक से की तो पहले तो वह टालमटोल करता रहा फिर बाद में दबाव में आकर उसने उक्त युवती से शादी रचा ली। वही युवती से शादी रचाने के बाद युवक उसे उसके ही मायके में छोड़ कर अपने घर चला गया और हमेशा हमेशा के लिए उसको छोड़ देने की बात कहने लगा। जहां पीड़िता युवती ने इस प्रकार की घटना को लेकर राजमहल थाना में लिखित आवेदन देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने का शिकायत दर्ज कराई है। जहां राजमहल थाना क्षेत्र की पुलिस ने पीड़िता युवती को अपने साथ लेकर साहिबगंज सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के लिए आई हुई थी फिलहाल राजमहल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## ख़ास ख़बर

### गोविंद प्र0 वर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि- प्रभाष गुप्ता



**देवघर।** शहर परिक्रमा के श्री प्रमेश कु0 वर्मा के पूज्य पिताजी समाजसेवी श्री गोविंद प्र0 वर्मा जी के असामयिक निधन पर झारखंड रचनाचक्र के के जिला महामंत्री श्री प्रभाष गुप्ता ने गहरा दुःख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। और कहा कि दुःख की इस घड़ी में ईश्वर परिजनों को संबल प्रदान करें। और मृतात्मा को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दे। श्री गुप्ता ने कहा, कि मृत्यु सत्य है और शरीर नश्वर है यह जानते हुए भी अपनों के जाने का दुःख होता है। हमें ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए कि दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें।

### नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान में 100 सौ आपदा मित्रों को आग से बचने का उपाय सिखाया

**गुरुवार, बिहटा/**नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान आनंदपुर बिहटा में 11वां बैच जिला पूर्वी चंपारण सामुदायिक वॉलिंटियर आपदा मित्रों के 12 दिवसीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन, प्राधिकरण प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में आग से बचाव के बारे में जानकारियां दी गई मुख्य रूप से प्रशिक्षण प्रभारी गणेश जी ओझा, पुर्व इंस्पेक्टर एसडीआरएफ ने, गैस सिलेंडर में लगी आग को, कैसे काबू किए जाने उसके बारे में हुनर बताया साथी ही साथ बताया कि जब आग लगी हो तो, यह कार्य करना चाहिए आग लगे तो सबसे पहले गर्भवती महिलाओं को बाहर निकालना चाहिए, उसके बाद दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देना चाहिए, बच्चों, बुजुर्गों, और स्वयं को भी आग से दूर हो जाना चाहिए। गैस सिलेंडर से खाना बनाने से पहले रेगुलेटर एवं पाइप साफ करके ही गैस सिलेंडर में इस्तेमाल करें, पाइप को पुराने होने पर बदली कर दें, अगर किचन, रसोई घर में गैस की गंध आ रही है तो इलेक्ट्रिक स्विच के साथ छेड़छाड़ ना करें, एलपीजी हवा से 250 गुणा भारी होता है लीकेज होने पर सत्तह पर ही रहता है अतः पूर्ण रूप से खिड़की दरवाजे खोल दें, सभी परिवार के सदस्यों को बाहर कर दें, रसोई घर में एक सूती कपड़ा भिगों करके अवश्य रखें, एक बाकेट पानी भी साथ रखें, अग्नि शमन यंत्र अपने किचन में, या दरवाजा के पास जरूर लगाएं इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले मुख्य रूप से श्री कपिल देव प्रसाद, चीफ वार्डन श्री विजय कुमार सिंह उर्फ श्यामनाथ सिंह, श्री सूरज कुमार सिन्हा, श्री संतोष कुमार, श्री दिनेश कुमार, श्री अजीत कुमार, श्री रमन कुमार, श्री मंटू कुमार, श्री विश्वजीत कुमार इत्यादि।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दादी पोती की मौत परिवार में मचा कोहराम





**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर जिला अंतर्गत सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के 21 नंबर वार्ड में खेत में काम कर रही दादी पोती की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिवार वालों द्वारा बताया जा रहा है कि राधा देवी उम्र 61 वर्ष तथा उसकी पोती भारती कुमारी उम्र 12 वर्ष खेत में धान का बिचड़ा गिराने के लिए गई हुई थी।इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी परिवार वालों द्वारा स्थानीय थाना को दी गई। मौके पर स्थानीय थाना पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। घटना के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया।

## शिक्षकों के हित में भाजपा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी साथ ही 13 जुलाई को विधानसभा मार्च का आयोजन करेगी

### नियोजित शिक्षकों को मिले राज्यकर्मी का दर्जा,नहीं तो भाजपा करेगी आंदोलन- प्रदीप कुमार सिंह

**अररिया।**बिहार में महागठबंधन की सरकार जब से आई है।एक बार फिर से जंगलराज और भ्रष्टाचार चरम पर छा गया है।

सरकार बनने से पहले दस लाख युवाओं को नौकरी एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान रखने की वायदे किए गए थे। बदले में जब से महागठबंधन की सरकार आई है बिहार का भविष्य गर्त के दिशा में जा रहा है। बिहार में व्याप्त भ्रष्टाचार और जंगलराज को दिन प्रतिदिन बढ़ावा दिया जा रहा है। बिहार के सभी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नौ महीने के कार्यकाल पूरा होने के बाबजूद भी सरकार में एक भी बहाली नहीं हुई है।



जबकि हमारे बिहार में एक से बढ़कर एक मेधावी युवा नौकरी के तलाश में हाथ पर हाथ धरके बैठे हुए हैं। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री शिक्षकों के बारे में अनाप सनाप बयानबाजी कर रहे हैं। जबकि देश भर में सबसे ज्यादा आई एस,आई आई पी बिहार से ही चुना जाता है उसके बाद भी बिहार के प्रतिभाशील युवाओं के साथ सौतेलापन रवैया अपनाया जा रहा है। उक्त बातें सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता करके बताया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को अविलम्ब सीटेट, बीटेट,एसटीऐट के बदले योग्य अभ्यर्थियों की सीधी नियुक्ति का प्रावधान करे। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दे।

नहीं तो अब शिक्षकों के हित में भाजपा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी साथ ही 13 जुलाई को विधानसभा मार्च का आयोजन करेगी। जिसमें पुरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल होंगे। सांसद ने कहा कि बिहार के युवाओं का अपमान भाजपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## भागलपुर के चार युवाओ ने सीए की परीक्षा में मारी बाजी



**भागलपुर** के आकृति डोकानिया, आयुष भुवानिया, उमंग भुवानिया और सौरभ भारद्वाज ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा 2023 पास कर ली है।आकृति डोकानिया डोकानिया लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ई के सचिव लायन गोपाल खेत्रीवाल और डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन सारिका खेत्रीवाल की पुत्रवधू हैं। आकृति डोकानिया युवा बिजनेसमैन आयुष खेत्रीवाल की पत्नी हैं। आईआईटी से इंजीनियरिंग कर आयुष भागलपुर के टॉप युवा बिजनेसमैन की श्रेणी में हैं।आयुष भुवानिया और उमंग भुवानिया सगे भाई हैं.उनकी सफलता पर वाणिज्य शिक्षक डॉ. पंकज टंडन, सपना डोकानिया, अनिल डोकानिया, सीए पुनीत चौधरी, सीए नीलेश



अग्रवाल, सीए संदीप खेत्रीवाल, सीए मुरारी खेतान, सीए अंबरीश अग्रवाल आदि ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सीए की परीक्षा दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है और इसे पास करना एक बड़ी उपलब्धि है। इन चार युवाओ ने दिखाया है कि कड़ी मेहनत और समर्पण का फल मिल सकता है।

## आईटीआई की परीक्षा देकर घर लौट रहे दो छात्रों को ट्रक ने रौंदा , मौके पर हुई दोनों की मौत



**भागलपुर-** भागलपुर के बाईपास टीओपी थाना क्षेत्र के सेंट टेरेसा स्कूल के पास गुरुवार को एक भीषण हादसा में दो छात्रों की जान चली गई पीड़ितों की पहचान सागर कुमार (20) और किशन चौधरी (19) के रूप में हुई, जो आईटीआई की परीक्षा देने के बाद घर लौट रहे था तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जहा इलाज के लिए ले जाने के दौरान दोनों छात्र की मौत हो गयी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहा एक ट्रक अचानक नियंत्रण खो बैठा और अपने रास्ते से भटक गया और दोनों छात्रों को रौंद दिया ।

घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलने पर, स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल छात्रों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने दोनों छात्रों को मृत घोषित कर दिया इधर घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिजन के घर में कोहराम मच गया घटना को लेकर स्थानीय थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार ने पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है, और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ड्राइवर को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा

## आइये, हम सब जामुन की लकड़ी के महत्व को जानें

**भागलपुर/**हर व्यक्ति अपने घर की पानी की टंकी में जामुन की लकड़ी का एक टुकड़ा जरूर रखें, एक रुपए का खर्चा भी नहीं और लाभ ही लाभ। आपको मात्र जामुन की लकड़ी को घर लाना है और अच्छी तरह से साफ सफाई करके पानी की टंकी में डाल देना है। इसके बाद आपको फिर पानी की टंकी की साफ सफाई करवानें की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्या आप जानते हैं कि नाव की तली में जामुन की लकड़ी क्यों लगाते हैं, जबकि वह तो बहुत कमजोर होती है..? भारत की विभिन्न नदियों में यात्रियों को एक किनारे से दूसरे किनारे पर ले जाने वाली नाव की तली में जामुन की लकड़ी लगाई जाती है। सवाल यह है कि जो जामुन पेट के रोगियों के लिए एक घरेलू आयुर्वेदिक औषधि है, जिसकी लकड़ी से दांतो को कीटाणु रहित और मजबूत बनानें वाली दातुन बनती है, उसी जामुन की लकड़ी को नाव की निचली सतह पर क्यों लगाया जाता है। वह भी तब जबकि जामुन की लकड़ी बहुत कमजोर होती है। मोटी से मोटी लकड़ी को हाथ से तोड़ा जा सकता है। क्योंकि इसके प्रयोग से नदियों का पानी पीनें योग्य बना रहता है। वास्तव में बहुत कम लोग ये बात जानते हैं कि जामुन की लकड़ी एक चमत्कारी लकड़ी है। यह पानी के अंदर रहते हुए सड़कर खराब नहीं होती। बल्कि इसमें एक चमत्कारी गुण होता है। यदि इसे पानी में डूबा दिया जाए तो यह पानी का शुद्धिकरण करती है और पानी में कचरा जमा होनें से रोकती है। कितना आश्चर्यजनक है कि हम जिन पूर्वजों को अनपढ़ मानते हैं उन्होंने नदियों को स्वच्छ बनाए रखनें और नाव को मजबूत बनाए रखनें का कितना असरकारी और सरल समाधान खोज निकाला। बावड़ी की तलहटी में 700 साल बाद भी जामुन की लकड़ी खराब नहीं हुई । जामुन की लकड़ी के चमत्कारी परिणामों का प्रमाण हाल ही में मिला है। देश की राजधानी दिल्ली में स्थित निजामुद्दीन(पूर्व में हिन्दू मंदिर हुआ करता था) की बावड़ी की जब सफाई की गई तो उसकी तलहटी में जामुन की लकड़ी का एक स्ट्रक्चर मिला है। भारतीय पुरातत्व विभाग के प्रमुख श्री के एन श्रीवास्तव जी नें बताया कि जामुन की लकड़ी के स्ट्रक्चर के ऊपर पूरी बावड़ी बनाई गई थी। शायद इसीलिए 700 साल बाद तक इस बावड़ी का पानी मीठा है और किसी भी प्रकार के कचरे और गंदगी के कारण बावड़ी के वाटर सोर्स बंद नहीं हुए। जबकि 700 साल तक इसकी किसी ने सफाई नहीं की थी।आपके घर में जामुन की लकड़ी का उपयोग यदि आप अपनी छत पर पानी की टंकी में जामुन की लकड़ी डाल देते हैं तो आप के पानी में कभी काई नहीं जमेगी। 700 साल तक पानी का शुद्धिकरण होता रहेगा। आपके पानी में एक्स्ट्रा मिनरल्स मिलेंगे और उसका टीडीएस बैलेंस रहेगा। यानी कि जामुन हमारे खून को साफ करने के साथ-साथ नदी के पानी को भी साफ करता है और प्रकृति को भी साफ रखता है।

## ट्रैक ,सिग्नल, पैनल रूम, लोकेशन बॉक्स से लेकर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मालदा डिवीजन के डीआरएम ने किया निरीक्षण





**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर,मालदा डिवीजन के डीआरएम विकास चौबे ने आज कई स्टेशनों का निरीक्षण किया साथ ही श्रावणी मेला को लेकर भी उन्होंने विशेष पहल की, उन्होंने बताया कि हम लोग सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरीक्षण का काम करते हैं, ट्रैक सिग्नल पैनल रूम लोकेशन बॉक्स गाड़ी चलाने के लिए बिजली के जो प्रावधान होते हैं ड्राइवर को सिग्नल एलिजिबिलिटी मिल रही है या नहीं यात्रियों को मौलिक सुविधाएं मिल रही है या नहीं इन सबों पर विशेष ध्यान रखते हुए आज कई स्टेशन पर निरीक्षण किया गया वही उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन के तहत सबौर कहलगांव जैसे कई स्टेशनों पर चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई, सारी टेंडर फाइनल हैं सभी एजेंसी कार्य भी शुरू कर दिए हैं जहां भी कमी पाई गई है उसमें रेलवे अधिकारियों व कर्मियों को सुधार करने का निर्देश दे दिया गया है वही श्रावणी मेला में कांवरियों को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी सारी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वॉच टावर बनाए गए हैं आरपीएफ की टीम नो लोकेशन पर तैनात किए गए हैं पानी शौचालय पूछताछ कक्ष सीसीटीवी कैमरे स्वास्थ्य व्यवस्था से लेकर गाड़ियों के ठहराव और नई गाड़ियों को देने की बात उन्होंने कही उन्होंने कहा कांवरियों को किसी तरह की परेशानी ना हो उसके लिए पूरी मुकम्मल व्यवस्था रेलवे विभाग ने कर रखी है।

## कांवड़ पर मां को बिठाकर सुल्तानगंज से चला देवघर



**भागलपुर/**आज भी ऐसे बेटे हैं, जो अपने माता-पिता को भगवान मानकर उनकी पूजा कर रहे हैं. मंगलवार से सावन की शुरूआत होते ही कांवरिया पथ पर कुछ ऐसा ही नजारा दिखने लगा है. बुधवार को मुंगेर के कच्ची कांवरिया पथ पर कलयुग का श्रवण कुमार कांवड़ पर वृद्ध मां को बिठाकर सुल्तानगंज से लेकर देवघर जा रहा था. यह नजारा देख अन्य कांवरिया भी हैरान हो गए. दरअसल श्रावणी मेले के उद्घाटन के बाद मुंगेर के कच्ची कांवरिया पथ पर देवघर जाने वाले लोगों का हुजूम दिखने लगा है. कांवरियों ने सुल्तानगंज गंगा घाट से बताई. जल भरा और बाबा धाम के लिए निकल पड़े. पहले दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जल भरा. इसी दौरान कलयुग में श्रवण कुमार बने खगड़िया से आए कांवरिया रंजीत ने इसके पीछे की पूरी बात बेटे ने कहा- बीमार थी मां तो कलयुग में श्रवण बने बेटे ने बताई पीछे की कहानी लिया था प्रण इस तरह कांवड़ पर बहंगी बनाकर ले जाने वाले रंजीत ने बताया कि पिछले साल उनकी मां बीमार थी. वो बाबा धाम जा रहे थे तो उसी समय प्रण लिया कि अगर उनकी मां ठीक हो गई तो वो अपनी माता को भी बहंगी पर लेकर बाबा धाम आएंगे. अब इसी प्रण को पूरा करने के लिए वो अपने दो अन्य भाइयों और परिवार के साथ इस बार मां को कांवड़ पर लेकर बाबा धाम जा रहे हैं. उनके साथ पूरा परिवार भी इस यात्रा में शामिल होकर तीनों भाइयों का सहयोग दे रहा है. कांवड़ पर बैठी द्रौपदी देवी ने कहा कि उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है. इस खुशी में उनकी आंखों से आंसू टपक गए. वो भावुक होकर कहने लगीं कि हम धन्य हो गए. इस युग में ऐसी संतान पाकर जो हमने किताबों में पढ़ा, आज वह मेरे साथ मेरे बेटों ने किया है. हम भगवान भोलेनाथ से यही मांगते हैं कि मेरे बेटों को हमेशा खुश रखें और उनकी हरेक मनोकामना पूरी हो।

**जन्मदिन** स्व. मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

## भारतीय जनता पार्टी भागलपुर के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन विजयमित्रा मंडल अंतर्गत गौशाला प्रांगण में संगोष्ठी के साथ मनाया गया



**भागलपुर/** इस अवसर पर स्व. मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। श्यामा जी के व्यक्तित्व-कृतित्व से ली जा रही प्रेरणा- संतोष साह कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष हरिवंश मणि सिंह ने सभी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विद्वता का लोहा उनके विरोधी भी माना करते थे। यही कारण है कि आज जम्मू भारत का अंग बन चुका है। डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया।डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे।जिला अध्यक्ष संतोष साह ने सम्बोधित करते हुए कहा की हम सभी को मालूम है कि 6 जुलाई, 1901 को महान राष्ट्रभक्त, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उद्योतक और महान शिक्षाविद् स्व. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बहुत कम समय में औद्योगिक नीति से भारत को मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य रखा था।संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारत वासियों के आदर्श और पथ प्रदर्शक हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार सिंह ने कहा की कहा कि नेहरू के विचारों से अलग होकर उन्होंने सरकार से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि नेहरू की तुष्टिकरण की नीति के कारण ही भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई थी मंच संचालन मनीष दास के द्वारा किया गया।

## लोजपा ने मनाया रामविलास पासवान का 77वां जन्मदिन





**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर,लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के भागलपुर शाखा के द्वारा आज रामविलास पासवान का 77 वां जन्मदिन भागलपुर के जिलाध्यक्ष के आवास पर केक काटकर काफी हर्षोल्लास के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने मनाया, वही रामविलास पासवान के जन्मदिन कार्यक्रम में भागलपुर इकाई के जिलाध्यक्ष एवं कई प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे, इस जन्म दिवस कार्यक्रम के अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी( रामविलास) के भागलपुर इकाई के जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा हम लोग इनके जन्मदिवस को काफी धूमधाम से मना रहे हैं साथ ही हम लोगों का पूरा पूरा ध्यान 2024 के लोकसभा का चुनाव है, लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास) बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के तर्ज पर आगे बढ़ रही है और इसे हम लोग साकार करके रहेंगे साथ ही बिहार के वर्तमान सरकार को कोसते हुए कहा कि हम लोग फिर से बिहार को जंगलराज नहीं बनने देंगे हम लोग नया बिहार बनाएंगे जहां विकास ही विकास होगा। लोकजनशक्ति पार्टी के जनक पद्म विभूषण स्व. रामविलास पासवान की जयंती समारोह मे प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भगत सह प्रभारी सह प्रदेश महासचिव अभिषेक सिंह, प्रदेश महासचिव संगीता तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष बबली वर्मा , भागलपुर जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा जिला संगठन मंत्री रविंद्र सिंह महिला जिलाध्यक्ष अंशु प्रियंका,छात्र जिलाध्यक्ष अभिनव आशीष, मिडिया प्रभारी सौरभ सुमन के अलावे कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।